डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की प्रकाशित, तारीख 07 से 13 अगस्त 2023 ▸ वर्ष-40 ▸ अंक-32 ▸ पेज 8 ▸ मूल्य ₹ 10.00

एक लाख सरकारी पदों पर होगी भर्ती - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में एक वर्ष में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती होगी, जिसमें से लगभग 60 हजार पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है। प्रदेश की जनता मेरा परिवार है और मैं सरकार को परिवार की तरह ही चलाने का प्रयास करता हूं। शासकीय सेवा में आपका चयन उनकी सेवा के लिए हुआ है। गरीब और मजदूर को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आबकारी, श्रम और सहकारिता विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने नवनियुक्त शासकीय सेवकों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए।

छठवें वेतनमान वाले शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि

भोपाल, राज्य शासन ने छठवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 9 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस आशय के आदेश जारी कर दिये गये हैं। आदेश के अनुसार अब 1 जनवरी 2023 से बढ़े हुए महंगाई भत्ते की दर लागू होगी। अब महंगाई भत्ते की दर 212 प्रतिशत से बढ़कर 221 प्रतिशत हो जायेगी। शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते का लाभ 1 जुलाई 2023 (भुगतान माह अगस्त 2023) से किया जायेगा।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला समाह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

उत्कर्ष और उन्मेष उत्सव

भारत को विकास के उत्कर्ष तक ले जाएं - राष्ट्रपति

मध्यप्रदेश की जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध है। यहां सर्वाधिक जनजातियां निवास करती हैं। हमारे सामूहिक प्रयास होने चाहिए कि हम अपनी संस्कृति, लोकाचार, रीति-रिवाज और प्राकृतिक परिवेश को सुरक्षित रखते हुए जनजातीय समुदाय के आधुनिक विकास में भागीदार बनें। नव उन्मेष से संयुक्त प्रतिभाएं भारत को समग्र विकास के उत्कर्ष तक ले जायें। 'उन्मेष' और 'उत्कर्ष' जैसे आयोजन इस दिशा में तर्क संगत भी हैं और भाव संगत भी। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सक्रिय सहयोग सराहनीय है। ये बातें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में 'उत्कर्ष और उन्मेष' उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुये कहीं।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु भोपाल में 'उत्कर्ष और उन्मेष' उत्सव का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करती हुई

भोपाल, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि राष्ट्र प्रेम और विश्व बंधुत्व हमारे देश की चिंतन धारा में सदैव रहे हैं। प्राचीन काल से हमारी परंपरा कहती है 'यत्र विश्व भवति एकं नीड़म्'। पूरा विश्व एक परिवार है। इस बार भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है और उसका आदर्श वाक्य 'वन अर्थ, वन फैमिली एवं वन फ्यूचर' इसी भावना की अभिव्यक्ति है।

राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य का सत्य हमेशा इतिहास के सत्य से ऊपर होता है। कविवर रवीन्द्रनाथ टैगोर और महर्षि नारद की रचनाओं में यह स्पष्ट है। साहित्य मानवता का आइना है, इसे बचाता है और आगे भी बढ़ाता है। साहित्य और कला संवेदनशीलता, करुणा और मनुष्यता को बचाती है। साहित्य और कला को समर्पित यह आयोजन सार्थक और सराहनीय है।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्मेष का अर्थ आंखों का खुलना और फूल का खिलना है। यह प्रज्ञा का प्रकाश और जागरण है। 19वीं शताब्दी में नव-जागरण की धाराएं 20वीं

- **भारत की लोक एवं जनजाति अभिव्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय उत्सव उत्कर्ष एवं उन्मेष का आयोजन।**
- **कार्यक्रम में 15 देशों के 550 से अधिक विभिन्न भाषाओं के रचनाकार की सहभागिता।**

सदीं के पूर्वार्द्ध तक प्रवाहमान रहीं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वधीनता और पुनर्जागरण के आदर्शों को साहित्यकारों ने बखूबी अभिव्यक्त किया। उस समय का साहित्य देशभक्ति की भावना की अमर अभिव्यक्ति है। उस समय के साहित्य ने मातृभूमि को देवत्व प्रदान किया।

समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारत की हृदय स्थली मध्यप्रदेश में विभिन्न संस्कृतियां, 21 प्रतिशत जनजातीय आबादी के साथ अनेकता में एकता के सूत्र से बनी माला के मनकों के समान एक साथ, एकजुट होकर रह रही हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के आगमन से उन्मेष और उत्कर्ष के आयोजन की गरिमा बढ़ी है, समस्त प्रदेशवासी गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध भोपाल में दोनों कार्यक्रम का आयोजन, साहित्य एवं कला-प्रेमियों के लिए निश्चित रूप से परम आनंद का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि हमें अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव 'उन्मेष' और लोक एवं जनजातीय अभिव्यक्तियों के उत्सव 'उत्कर्ष' जैसे भव्य और गरिमामय आयोजन की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत अत्यंत प्राचीन और महान राष्ट्र है। भारत वह भूमि है, जिसने वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः अर्थात् सभी सुखी हों और सबके निरोग रहने का संदेश दिया।

उन्नति का उत्सव है उत्कर्ष

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि 'उत्कर्ष' जनजातीय समाज की उन्नति का उत्सव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस दिन भारत का जनजातीय समाज उन्नत हो जाएगा, उस दिन भारत विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। भारत में 700 से अधिक जनजातीय समुदाय हैं और इससे लगभग दोगुनी उनकी भाषाएं हैं। आज जब भारत का अमृतकाल चल रहा है, तो हमारा यह दायित्व है कि जनजातीय भाषा और संस्कृति जीवित और विकसित होकर रहे।

ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित शासकीय सेवकों की तरह सुविधायें मिलेंगी

भोपाल, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत और सरकार के बीच सेतु की तरह कार्य करते हैं। वे सरकार को गांव की सरकार से जोड़ते हैं। ग्राम पंचायत सचिव ही अनेक महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं। मध्यप्रदेश आवास योजना, नल-जल योजना और अन्य योजनाओं में अग्रणी है। कोविडकाल में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने लगातार कार्य किया। सरकार द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को बहुत कम समय में धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी मेहनत और ईमानदारी सराहनीय है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में पंचायत सचिवों के सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव को विकसित, सुविधा संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने में ग्राम पंचायत सचिव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विकसित भारत के लिए भी आवश्यक है।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्राम पंचायत सचिवों के सम्मेलन में शामिल हुये

सम्मेलन में की गई प्रमुख घोषणाएं

- ग्राम पंचायत सचिवों को 1 तारीख को वेतन मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।
- पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ तत्काल प्रभाव से मिलेगा।
- पंचायत सचिवों को समयमान वेतनमान भी दिया जाएगा।
- पंचायत सचिवों को सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त तीन लाख रुपये की राशि दी जाएगी।
- ग्राम पंचायत सचिवों को पीसीओ के पदों पर नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।
- ग्राम पंचायत सचिवों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।
- ग्राम पंचायत सचिवों को शासकीय सेवकों की तरह सुविधाएं मिलेंगी।

मध्यप्रदेश में सीएम जनसेवा मित्र रचेंगे नया इतिहास

भोपाल, जिन बेटे-बेटियों का चयन मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में किया गया था, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। ये सभी युवा इतिहास रचेंगे। स्वामी विवेकानंद कहते थे तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम अनंत शक्तियों का भंडार हो। दुनिया में हर काम आप कर सकते हैं। युवा प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए नया इतिहास रचने में सहयोग करें। जो काम आपको मिला है, वह अपने आप को तराशने, बनाने और सीखने का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से करें। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की कोशिश करें। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं में भरपूर सहयोग करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूट कैंप बैच-2 में सीएम जनसेवा मित्रों को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मेरी आंख और कान हैं। आपको जो ग्राम पंचायत कार्य करने के लिए दी गई हैं, उस पंचायत में लगातार भ्रमण करें। सभी से विनम्रता से बात कर योजनाओं के बारे में समझाइश दें। कार्य को पूरा करने के लिए दिल में तड़प रखकर बेहतर प्रयास करें। कार्य करने के पीछे सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए। लोगों की सेवा भगवान की पूजा मानकर करें, तो आनंद की प्राप्ति होगी।

- **13 अगस्त को होगा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ**
- **युवाओं को काम सीखने के दौरान दिये जायेंगे 8 हजार रुपये प्रतिमाह।**

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक समय सड़कों की हालत खराब थी। बिजली भी बहुत कम आती थी। पीने के पानी, सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं थी। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था। आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 40 हजार रुपये से बढ़कर 2 लाख 11 हजार रुपये से गई है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावॉट से बढ़कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

29 जुलाई

सीईएनएसई और लैम रिसर्च के बीच हुआ समझौता

● इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने गुजरात के

गांधीनगर में आयोजित सेमीकॉन इंडिया में बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीईएनएसई) और लैम रिसर्च इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की घोषणा की। मंत्रालय की सहभागिता रूपी यह पहल आईआईएससी के सीईएनएसई की अकादमिक उत्कृष्टता और लैम रिसर्च की वैश्विक विशेषज्ञता को एक साथ लाती है। इस सहभागिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त रूप से एक अनुकूलित पाठ्यक्रम विकसित करना है, जो सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन तकनीक शिक्षण के लिए होगा। यह लैम रिसर्च के अत्याधुनिक सेमीवर्स सॉल्यूशन्स वर्चुअल फैब्रिकेशन सॉफ्टवेयर-सिम्युलेटर 3डी का उपयोग करेगा। आईआईएससी और लैम रिसर्च एक साथ मिलकर प्रायोगिक पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेंगे।

● जी-20 शेरपा श्री अमिताभ कांत ने कहा कि जलवायु संबंधी कार्यों को करने और एसडीजी को हासिल करने के लिए करीब 5 से 6 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की आवश्यकता है। इससे करीब 90 लाख करोड़ डॉलर के कारोबारी अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है और वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए करीब 350 लाख करोड़ डॉलर का फंड उपलब्ध है, जिसमें से 150 लाख करोड़ डॉलर संस्थागत फंडों के पास हैं। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को जोखिम से मुक्त करने के लिए हमें एक वैश्विक परियोजना एक्सीलेरेटर फंड की जरूरत है। शेरपा ने कहा कि भारत हरित विकास और सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

30 जुलाई

शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने विभिन्न संगठनों से किए समझौते

● शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2023 तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों व संस्थानों के साथ 106 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इनमें सीबीएसई के तहत, कौशल विकास और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए 15 समझौते, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के लिए 3 समझौता ज्ञापनों, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 6 समझौते एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौता ज्ञापन के अंतर्गत अनेक क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक तथा निजी दोनों तरह की संस्थाओं के साथ साझेदारी को शामिल किया गया है, जिससे शिक्षा और औद्योगिक-अकादमिक संबंधों में सहयोग के एक नए युग का सूत्रपात होगा।

● केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और कौशल विकास तथा उद्यमिता राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया-2023 के दूसरे दिन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन-2023 सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत अपनी सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षाओं को अर्जित करने की दिशा में किस प्रकार तेजी से प्रगति कर रहा है। तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन-2023 के दूसरे दिन उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। नेक्स्ट-जेन कंप्यूटिंग पर आयोजित सत्र में वेंटाना माइक्रो सिस्टम्स के सीईओ श्री बालाजी बबका ने आरआईएसी-वी द्वारा संचालित डिजिटल स्वायत्तता और सॉवरेन डेटा सेंटर अवसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

31 जुलाई

मलावी के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की

● मलावी नेशनल असेंबली की अध्यक्ष माननीय कैथरीन गोटानी हारा के नेतृत्व

में मलावी के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और मलावी के बीच लंबे समय से सौहार्द्रपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं और हमारे संबंधों को और घनिष्ठ बनाने की अपार संभावनाएं हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुलवाद में हमारा साझा विश्वास, भारत और मलावी को स्वाभाविक भागीदार बनाते हैं। भारत, मलावी के सबसे बड़े व्यापार और निजी निवेश भागीदारों में से एक रहा है और भारत स्वास्थ्य तथा शिक्षा के लिए भी मलावी के नागरिकों का पसंदीदा गंतव्य देश है।

● भारत सरकार को जून 2023 तक 5,99,291 करोड़ रुपये (कुल प्राप्तियों के 2023-24 तदनुरूपी बजट अनुमान का 22.1%) प्राप्त हुए हैं, जिसमें कर राजस्व (केंद्र को शुद्ध) के रूप में 4,33,620 करोड़ रुपये, गैर-कर राजस्व के रूप में 1,54,968 करोड़ रुपये और गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में 10,703 करोड़ रुपये शामिल हैं। गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों में ऋण वसूली से 6,468 करोड़ रुपये और विविध पूंजीगत प्राप्तियों से 4,235 करोड़ रुपये शामिल हैं। इस अवधि तक भारत सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 2,36,560 करोड़ रुपये का अंतरण किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 93,785 करोड़ रुपये अधिक है। भारत सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 10,50,661 करोड़ रुपये (तदनुरूपी बजट अनुमान 23-24 का 23.3%) है, जिसमें से 7,72,181 करोड़ रुपये राजस्व खाते में और 2,78,480 करोड़ रुपये पूंजी खाते में है।

1 अगस्त

अमेरिका में कोरोना की नई लहर की आशंका

● अमेरिका में कोरोना की नई लहर को लेकर आशंका पैदा हो रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने चेतावनी दी है कि देश में कोरोना संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर 2022 के मुकाबले अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में 10 फीसदी वृद्धि हुई है। अमेरिका में कोरोना इमरजेंसी रूम में मरीजों के आने की संख्या में भी पिछले महीने के मुकाबले तेजी आई है।

● दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग (COL) में पढ़ाई पूरी तरह से हाईटेक होगी। सीओएल का लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और एप अगस्त-सितंबर से शुरू होने जा रहा है। इस सिस्टम में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) की मदद भी ली गई है। जहां पर लिखित सामग्री, ऑडियो-वीडियो बुक, क्विज एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। इस सिस्टम में प्रत्येक छात्र का एक होम पेज तैयार किया जाएगा।

2 अगस्त

आईबीपीएस पीओ के लिए 21 अगस्त तक आवेदन

● बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) ने प्रोबेशनरी ऑफिसर और मैनेजमेंट ट्रेनी के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक कैंडिडेट्स आईबीपीएस की ऑफिशियल वेबसाइट ibps.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त 2023 तक जारी रहेगी। आईबीपीएस पीओ प्रिलिम्स परीक्षा का 23 सितंबर, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर, 2023 को आयोजित की जाएगी, जबकि आईबीपीएस पीओ मेन्स एग्जाम 5 नवंबर, 2023 को होगा। वहीं मैनेजमेंट ट्रेनी के पद के लिए प्रिलिम्स परीक्षा सितंबर-अक्टूबर, 2023 में आयोजित होगी। वहीं, मेंस परीक्षा नवंबर में आयोजित की जाएगी। इन परीक्षाओं के माध्यम से आईबीपीएस 3049 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। इन परीक्षाओं का फाइनल रिजल्ट प्रिलिम्स, मेंस और इंटरव्यू के बाद जारी किया जाएगा।

● रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिकी सरकार की क्रेडिट रेटिंग को घटाने का फैसला लिया है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग एएए से घटाकर एए+ कर दी है। शासन के मानकों में लगातार गिरावट का हवाला देते हुए फिच ने यह निर्णय लिया है। इस पर फिच का कहना है कि रेटिंग घटाने का निर्णय केवल नवीनतम ऋण लिमिट गतिरोध के कारण नहीं लिया गया है, बल्कि राजकोषीय और ऋण मामलों के संबंध में पिछले 20 वर्षों में शासन के मानकों में लगातार गिरावट के कारण लिया गया है। वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने फिच रेटिंग्स के फैसले पर पूरी तरह से असहमति जताई है। उन्होंने कहा फिच रेटिंग्स की ओर से किया गया यह बदलाव पुराने आंकड़ों पर आधारित है।

3 अगस्त

यूजीसी ने जारी की फर्जी यूनिवर्सिटियों की लिस्ट

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 20 फर्जी यूनिवर्सिटी और संस्थानों की लिस्ट जारी की है, जिसे छात्र संस्था की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस लिस्ट में दिल्ली में सबसे ज्यादा आठ फर्जी संस्थान चल रहे हैं। उसके बाद यूपी से चार, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दो-दो संस्थान इस लिस्ट में शामिल हैं। कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, पुडुचेरी में भी एक-एक फर्जी यूनिवर्सिटी चल रही है। यूजीसी ने छात्रों और अभिभावकों को आगाह करते हुए कहा है कि अगर किसी संस्थान के बारे में कुछ भी संशय है तो यूजीसी की वेबसाइट से स्टेटस पता किया जा सकता है। यूजीसी ने कहा है कि दाखिला लेने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित यूनिवर्सिटी या उच्च शिक्षा संस्थान को यूजीसी से मान्यता प्राप्त है या नहीं।

● जीएसटी काउंसिल ने सीजीएसटी अधिनियम 2017 और आईजीएसटी अधिनियम 2017 में कुछ संशोधनों की सिफारिश की है, जिसमें सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की अनुसूची III में संशोधन भी शामिल है। इसका उद्देश्य कैसीनो, हॉर्स रेसिंग और ऑनलाइन गेमिंग में आपूर्ति पर जीएसटी लगाने पर स्पष्टता लाना है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक के बाद कहा कि ऑनलाइन गेमिंग और हॉर्स रेसिंग पर 28% जीएसटी की समीक्षा अगले छह महीने में की जाएगी और ऑनलाइन गेमिंग पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी 1 अक्टूबर से लागू किया जाएगा। परिषद ने सिफारिश की कि ऑनलाइन गेमिंग पर आपूर्ति का मूल्यांकन खिलाड़ी की ओर से भुगतान की गई राशि के आधार पर किया जा सकता है।

4 अगस्त

लैपटॉप और कम्प्यूटर के निर्यात पर लगा प्रतिबंध

● भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कम्प्यूटर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशक की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी के आयात को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस या सरकार की मंजूरी लेना जरूरी होगा।

● शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के पाठ्यक्रम पर आधारित नहीं है, बल्कि इसका सिलेबस विभिन्न बोर्ड के सिलेबस को मिलाकर तैयार किया गया है। इसका पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के स्तर पर विषय की सामान्य समझ पर आधारित है। विश्वविद्यालयों पर बोझ कम करने के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

20 वर्षों के अनुभव के साथ
JOIN NEW BATCHES
PNST (नर्सिंग)
NEET/PV&FT/12th
MP-TET CTET
बालाजी ट्यूटोरियल्स
(Since 2004) Sagar
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भैरूखुआ इन्दौर
98930-53653
R-4891O/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 32 07.08.2023 से 13.08.2023
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

विकास पर्व : जनकल्याण और समृद्धि का उत्सव

मध्यप्रदेश सरकार सुशासन और जनकल्याण के लिये समर्पित है। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेशवासियों के जीवन में बड़े बदलाव का कारण बनी हैं। विगत दिनों शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिये मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का सफल आयोजन किया गया। वहीं, इन दिनों प्रदेश में विकास पर्व मनाया जा रहा है। इसमें सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई व्यवस्था तथा विभिन्न योजनाओं के विस्तार का कार्य चल रहा है। 16 जुलाई से शुरू हुआ विकास पर्व 14 अगस्त 2023 तक चलेगा। विकास पर्व लगभग 18 वर्षों में प्रदेश सरकार के समर्पण और जनहित में लिये गये निर्णयों का परिणाम है। वर्ष 2003 के पहले मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य की संज्ञा दी जाती थी, वहीं अब मध्यप्रदेश विकसित राज्यों की सूची में अग्रणी है।

30 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में जनकल्याण और विकास की अनंत संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जनहितैषी कार्य हुए हैं। इन कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ सकें। विकास के कई कार्यों में तो मध्यप्रदेश ने रिकॉर्ड तोड़े हैं। सड़क, पानी, बिजली, विद्यालय-भवनों के निर्माण और योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कार्य लगातार हो रहे हैं। वर्ष 2003 के पहले प्रदेश में मात्र एक लाख किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कें हुआ करती थीं, लेकिन आज प्रदेश में 4 लाख 11 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है। साथ ही अटल एक्सप्रेस-वे, विंध्य एक्सप्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे जैसे नये मार्गों पर काम चालू है। प्रदेश की सिंचाई क्षमता में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। पहले जहां सिंचाई क्षमता साढ़े सात लाख हेक्टेयर थी, जो अब बढ़कर 47 लाख हेक्टेयर हो गई है। बिजली का उत्पादन 2800 मेगावॉट से बढ़कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है। प्रदेश की जीडीपी दर 3 प्रतिशत से बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में चलाए जा रहे विकास पर्व के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया जा रहा है। जिसमें हरदा जिले में 20 लाख 17 हजार, इंदौर जिले में 2 करोड़ 71 लाख 14 हजार, सागर जिले में 3 करोड़ 20 लाख 39 हजार, जबलपुर जिले में 37 करोड़ 38 लाख 40 हजार, सतना जिले में 35 लाख 76 हजार, खण्डवा जिले में 10 करोड़, रतलाम जिले में 1 करोड़ 40 लाख 13 हजार, रीवा जिले में 23 लाख 98 हजार, मुरैना जिले में एक करोड़ 32 लाख, अशोक नगर जिले में 9 करोड़ 73 लाख 98 हजार, खरगोन जिले में 2 करोड़ 89 लाख, दमोह जिले में 2 करोड़ 44 लाख, गुना जिले में 79 लाख, उमरिया जिले में 33 लाख 83 हजार, झाबुआ जिले में 15 लाख और शहडोल में एक करोड़ 4 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन हो चुका है।

प्रदेश में विकास कार्यों का यह क्रम निरंतर चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के विकास के संकल्प और निर्माण में जन-जन का जुड़ाव इसे और व्यापक बना सकता है। आइये हम सभी विकास पर्व और जनकल्याण के इस उत्सव में सहभागी बनें।

कैंसर का इलाज टीके से होगा

कैंसर एक बहुत ही जटिल रोग है, इससे ग्रसित व्यक्ति बहुत तकलीफ में रहता है, हालांकि आजकल कैंसर रोग का बेहतर इलाज मौजूद है। इस रोग के बेहतर इलाज के लिये निरंतर प्रयास भी जारी हैं, इसी दिशा में अब कैंसर के इलाज के लिये जल्द ही टीका आने की उम्मीद है। अमेरिका में चल रहे शोध में यह जानकारी दी गयी है। अध्ययन में यह बताया गया है कि कोरोना वैक्सीन की तरह इन टीकों को तैयार किया जा रहा है, जो बीमारी को वापस लौटने से रोकने में मददगार है। आगामी पांच सालों में यह बाजार में उपलब्ध हो सकता है। शोधकर्ताओं की मानें तो यह पारंपरिक टीके नहीं हैं, जो बीमारी को रोकते हैं। कैंसर शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में छिपा रहता है। पारंपरिक कैंसर के टीके इम्यूनोथैरेपी की तरह कैंसर कोशिकाओं को खोजने और खत्म करने के लिये प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देते हैं। कुछ टीके नये एमआरएनए का उपयोग करते हैं, लेकिन कैंसर के लिये पहली बार कोरोना वैक्सीन की तकनीक के आधार पर खास टीके तैयार किये जा रहे हैं, जो ट्यूमर को छोटा करने में मददगार हो सकते हैं। इस टीके के जरिये प्रतिरक्षा प्रणाली की टी कोशिकाओं को कैंसर के खतरनाक रूप की पहचान होगी। शोधकर्ताओं की मानें तो ये टीके महंगे हो सकते हैं। शोधकर्ता डॉ. पैट्रिक ओट ने कहा कि आपको मूल रूप से हर वैक्सीन को नये सिरे से बनाना होता है। ये टीके कई तरह के कैंसर मरीजों के लिये डिजाइन किये गये हैं। स्तन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर के इलाज के परीक्षण चल रहे हैं। इसके नतीजे जल्द ही आ सकते हैं। यूडब्ल्यू. मेडिसिन की डॉक्टर नोरा डिसिस ने बताया कि इस टीके के जरिये प्रतिरक्षा प्रणाली की टी कोशिकायें कैंसर के खतरनाक रूप को पहचानेंगी। इसके बाद ये खतरे को कम करने के लिये पूरे शरीर में कहीं भी जा सकती हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

हिरोशिमा दिवस | 6 अगस्त

मानवीयता के अस्तित्व पर जिस तबाही से लगा प्रश्नचिह्न

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहरों पर 06 और 09 अगस्त, 1945 को अमेरिका द्वारा किये गये परमाणु हमले से पूरी दुनिया दहल गई थी। इस एक भीषण सामरिक त्रासदी की वर्षगांठ प्रतिवर्ष विश्व के लगभग सभी देशों में मनाई जाती है और इस मौके पर जापान सहित समूचा विश्व संवेदना व्यक्त करता है और विश्व समुदाय की आंखें नम हो जाती हैं। हिरोशिमा दिवस मनाये जाने पर भारत के राष्ट्रपति और विख्यात दार्शनिक सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि हिरोशिमा दिवस मनाये जाने की सार्थकता इसी बात में निहित है कि समूचा विश्व इस दिन इस बात का संकल्प ले कि हम वैसी भीषण तबाही फिर कभी नहीं होने देंगे। इस एक भीषण तबाही ने मानवीयता के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाया और इसे मानवीय इतिहास की सबसे भयावह त्रासदी निरूपित किया। उस भीषण तबाही के अठहत्तर साल बाद आज भी जापान के पीस मेमोरियल पार्क, हिरोशिमा में प्रतिवर्ष 06 अगस्त को हजारों लोग एकत्रित होते हैं और हिरोशिमा और नागासाकी हमले में मारे गए अपने प्रियजन को भारी मन से मार्मिक श्रद्धांजलि देते हैं। विश्वभर में इस हमले को बीसवीं सदी की सबसे बड़ी दुर्घटना बताते हुए दुख जताया जाता है और इस त्रासदी का पुनर्स्मरण इस एक संकल्प के साथ किया जाता है कि ऐसी त्रासदी की कभी पुनरावृत्ति न हो। जापान में 06 अगस्त को हिरोशिमा दिवस को शांति दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। इस उम्मीद में यह आयोजन होता है कि दुनिया में अब कभी इन परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं होगा। बीसवीं सदी की इस सबसे दर्दनाक घटना का अपराधी देश अमेरिका था और उसके तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने यह कहकर इस विनाशलीला का बचाव किया था कि मानव इतिहास के सबसे खूनी द्वितीय विश्व युद्ध को खत्म कराने के लिए ऐसा करना जरूरी था, जो उस कालखण्ड का सबसे शर्मनाक कथन था।

युद्ध की विभीषिका का चरम था हिरोशिमा पर परमाणु हमला

प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भीषण संघर्ष में लाखों लोग हताहत हुए और इन दो विश्वयुद्धों के बाद भी विभिन्न देशों के बीच जो द्विपक्षीय युद्ध हुए उसमें भी हजारों लोग मारे गये मगर द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका द्वारा जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम से किया गया हमला युद्ध की विभीषिका का चरम था। दो दिनों के अन्तराल में हुए इन हमलों से बसे बसाए दो शहर पूरी तरह नष्ट हो गए। हिरोशिमा पर हुए हमले में अस्सी हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जबकि नागासाकी पर हुए हमले में करीब चालीस हजार लोग मारे गए थे। अमेरीका के इन दो हमलों ने द्वितीय विश्वयुद्ध की सूरत बदलकर रख दी थी। बमबे के बाद जापान ने तुरंत युद्ध विराम की घोषणा कर दी थी। अमेरिका द्वारा किए गए यह दोनों हमले ऐसी जगह किए गए थे, जहां न तो कोई बड़ा सैन्य अड्डा था न वहां कोई बड़ी सैन्य गतिविधि चल रही थी। यह इलाके पूरी तरह से रिहायशी थे। आंकड़ों के मुताबिक हिरोशिमा पर हुए परमाणु हमले में करीब साठ प्रतिशत लोगों की मौत तुरंत हो गई थी, जबकि करीब तीस प्रतिशत लोगों की मौत अगले एक माह के अंदर भयंकर जख्मों के बाद हुई। इसके अलावा करीब दस फीसदी लोग यहां पर मलबे में दबने और अन्य कारणों से मारे गए थे। इस हमले का सबसे दुखद पहलू यह था कि हमले के सेकंड घंटे के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रूमैन ने जब घोषणा की, तब पहली बार जापान को पता लगा कि हिरोशिमा में हुआ क्या है? राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन के शब्द थे, सोलह घंटे पहले एक अमेरिकी विमान ने हिरोशिमा पर एक परमाणु बम गिराया है।

हिरोशिमा की विभीषिका के बाद संयुक्त राष्ट्र अस्तित्व में आया

द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका खासतौर पर जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमेरिका द्वारा हुए परमाणु हमले के बाद विश्व के कई राष्ट्रों द्वारा विश्व शान्ति स्थापित करने के आग्रह के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैन्कलिन रूजवेल्ट ने अप्रैल 1945 को अमेरिका के सैन फ्रैंसिस्को में विश्व के नेताओं की एक बैठक बुलाई थी। उनकी विश्व शान्ति की इस पहल से ही 24 अक्टूबर, 1945 को विश्व में शान्ति स्थापना की पहल करने वाली सबसे बड़ी और सर्वमान्य संस्था - 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूनाइटेड नेशन्स आर्गेनाइजेशन) जो अब केवल संयुक्त राष्ट्र के नाम से जानी जाती है उसकी स्थापना हुई थी। प्रारम्भ में केवल इक्यावन देशों ने ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किये थे। आज 193 देश इसके पूर्ण सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के साथ ही हिरोशिमा पर परमाणु बम से हमले पर इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, हेग के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीलंका के न्यायमूर्ति सी.जी. वीरामंत्री, जो दुनिया में प्रख्यात न्यायविदों में गिने जाते हैं, उन्होंने विश्व शान्ति के लिये परमाणु निरस्त्रीकरण अभियान की अगुवाई की। उनका तर्क था कि परमाणु हथियार अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और तमाम धर्मों के सिद्धांतों के खिलाफ हैं और बौद्ध, ईसाई, हिंदू या इस्लामी धर्मग्रंथों में भी जन-संहारक हथियारों का विरोध किया गया है।

कवि की कल्पनाओं में झलका हिरोशिमा हमले का दर्द

हिरोशिमा पर हुए इस भीषण परमाणु हमले पर तत्समय और बाद में भी बीसियों कवियों ने हिरोशिमा की त्रासदी पर मार्मिक कविताएं लिखीं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जापान के हिरोशिमा, नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम की त्रासदी पर- 'हिरोशिमा की पीड़ा' नामक कविता लिखी थी। इस कविता में उन्होंने लिखा था -

" मेरी नींद अचानक उचट जाती है
आंख खुल जाती है
मैं सोचने लगता हूं कि
जिन वैज्ञानिकों ने अणु अस्त्रों का
आविष्कार किया था
वे हिरोशिमा-नागासाकी के भीषण
नरसंहार के समाचार सुनकर
रात को कैसे सोए होंगे ?
क्या उन्हें एक क्षण के लिए सही
ये अनुभूति नहीं हुई कि
उनके हाथों जो कुछ हुआ
अच्छा नहीं हुआ।''

गौरतलब है कि अटल बिहारी वाजपेयी के निधन के बाद उत्तरप्रदेश सरकार ने उनकी कविताओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए निर्देश दिए थे। सुप्रसिद्ध कवि अज्ञेय की कविता- 'हिरोशिमा' भी बेहद चर्चित रही है। परमाणु बम पर उनकी यह पंक्तियां तो उस विभीषिका का भाष्य बनकर उभरी थीं -

"मानव का रचा हुआ सूरज
मानव को भाप बनाकर सोख गया।
पत्थर पर लिखी हुई यह
जली हुई छाया
मानव की साक्षी है।''

ऐसी बीसियों रचनाओं में हिरोशिमा की विभीषिका और उसके दुष्परिणाम पर काव्यात्मक टिप्पणियां की गई थीं, जिन्हें पढ़कर आंखें नम हो जाती हैं।

परमाणु आयुध चिन्ता का विषय

हिरोशिमा नागासाकी पर परमाणु बम से हमले के बाद भी विश्व में परमाणु हथियारों की जमा करने की स्थिति चिन्ताजनक है। परमाणु हथियारों से लैस देश अपने अस्त्रों को आधुनिक बनाने में जुटे हैं, हालांकि परमाणु हथियारों की संख्या में पिछले कुछ दशक में कमी आई है मगर अभी भी विश्व के कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं।

विश्व शान्ति के लिये गांधी दर्शन आज भी प्रासंगिक

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि जब तक विश्व में हिरोशिमा जैसे परमाणु हमले का खतरा रहेगा विश्वशांति का सपना कभी पूरा नहीं हो पायेगा। महात्मा गांधी यह भी मानते थे कि विश्व में वास्तविक शांति लाने के लिए बच्चे ही सबसे सशक्त माध्यम हैं। उनका कहना था कि 'यदि हम इस विश्व को वास्तविक शान्ति की सीख देना चाहते हैं और यदि हम युद्ध के विरुद्ध वास्तविक युद्ध छेड़ना चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत हमें बच्चों से करनी होगी।' यदि महात्मा गांधी इस युग में जीवित होते तो वह हमारे विश्व को गरीबी, अशिक्षा, आतंक, एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र को परमाणु शस्त्रों के प्रयोग की धमकियों तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए जूझ रहे होते। महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में सारे विश्व में मनाया जाता है और आज जब हम हिरोशिमा दिवस के माध्यम से युद्ध की विभीषिका की बात कर रहे हैं तो महात्मा गांधी का दर्शन सर्वाधिक प्रासंगिक है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 27 मई, 2016 को जापान की ऐतिहासिक यात्रा की थी, तब यात्रा के दौरान उन्होंने हिरोशिमा परमाणु हमले के पीड़ितों को जापान के हिरोशिमा में स्थित पीस मेमोरियल पार्क में जाकर श्रद्धांजलि दी थी। हिरोशिमा में दुनिया के पहले परमाणु हमले के करीब इकहत्तर साल बाद पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान का दौरा किया। इस दौरान ओबामा ने कहा कि इकहत्तर साल पहले आसमान से मौत गिरी थी और दुनिया बदल गई थी। ओबामा के बयानों में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम हमलों के लिए दुख और पछतावा साफ दिखा।

राजा दुबे
(लेखक : जनसंपर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION

CEDMAP Bhawan, 16-A, Jail Road, Arera Hills, Bhopal
Madhya Pradesh-462004, PAN No. AACCM6080D, GSTIN-23AACCM6080DIZU
REGIONAL OFFICE INDORE
First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore–452001 (M.P.)
E-mail : indoreakvn@gmail.com, www.invest.mp.gov.in

No. MPIDC RO-Indore/TECH/2023/6840 **Dated : 01.08.2023**

NOTICE INVITING TENDER

MPIDC Regional office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Percentage Rate/Item Rate tender from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mention below :

S. No.	Name of Work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Operation & Maintenance of Water Supply scheme and Street Light for a period of Two years at I/A Rudhibhavsinghpura, Distt. Khandwa (M.P.)	Rs. 9.60 Lakhs+GST	Rs. 2360/- i/c GST	Rs. 19200/-	16.08.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system : **http://www.mptenders.gov.in** within 3 days from publication in news paper.

M.P. Madhyam/111160/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48895/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

REGIONAL OFFICE : 1st Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road Indore-452001 (M.P.), E-mail : indoreakvn@gmail.com, www.invest.mp.gov.in

No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2023/6838 **Date : 01.08.2023**

NOTICE INVITING TENDER (IInd Call)

MPIDC Regional office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Percentage Rate/Item Rate tender from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through **e-portal : https://www.mptenders.gov.in** as mention below :-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of Tender Form	EMD	Last Date of Submission
1.	Operation & Maintenance of Elevators Lifts 12 Nos. system installed at Crystal IT Park Indore (SEZ) for the period of 3 years (36 Months) round the clock i/c Sunday and Holiday. (IInd Call)	Rs. 89.60 Lakhs + LUT	Rs. 11800/- i/c GST	Rs. 89600/-	16.08.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note :- The NIT will be uploaded on website of e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** within 3 days from publication in news paper.

M.P. Madhyam/111170/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48896/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1128

(STATE CONNECTIVITY BRIDGE-BW)

No./12034/22/D-12/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 31.07.2023**

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **http://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of work :-** State Connectivity Bridges

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Chhindwara	1	47383100.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **31.07.2023 17:00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/111135/2023

R-48891/2023

OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI SATNA DISTT. SATNA (M.P.)

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Construction of CC Road Near Back Gate at Fruit and Vegetable Mandi Yard Satna Distt Satna (M.P.) **Tender Number : 2023_MPSAM_295841_1(PAC amount Rs. 7.93 Lakh).**The following works Tender to be received online up to 17:30 PM on **29.08.2023** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

Note :- Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/111186/2023 **SECRETARY**

R-48898/2023

SHRI G.S. INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE

(Govt. Aided Autonomous Institution, Established in 1952)
23, Park Road, Indore, Pin 452 023 (M.P.)
Ph. : (0731), 2544415, Website : www.sgsits.ac.in
E-mail : indoredirectorsgsits@gmail.com

Ref: No. Dir/59/2023/619 **Date: 31.07.2023**

APPOINTMENT OF DIRECTOR

The institute affiliated to RGPV, Bhopal has been functioning with full autonomy since 1989 with 10 UG and 24 PG programmes with Ph.D. in all departments. The Director is the academic and administrative head of the institution should have highest level of competence, integrity, morals and institutional commitment.

The Chairman, Governing Body invites complete Bio-Data for the appointment of Director from persons with age below 60 years on 1st July, 2023. This position shall be of contractual in nature for 5 years and can be extended for one more term depending upon the performance. The qualifications and experience will be same as specified by All India Council for Technical Education, New Delhi Gazette Notification March 1, 2019 and Salary and other benefits in Level-14, Entry Pay 144200/- with the special allowance of Rs. 6750/- per month. The qualifications and experience can be seen in the institute website.

The last date for receipt of the Bio-Data addressed to the Chairman, Governing Body in the office of the undersigned **(Shri G.S. Institute of Technology & Science, 23, Park Road, Indore-452003 (M.P.) is 31.08.2023 (18.00 hrs.)**

M.P. Madhyam/111141/2023 **MEMBER SECRETARY**

R-48893/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग सागर, भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक/604/तशा/मप्रपुहाका/पय/सागर/2023 दिनांक : 03.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में बाह्य विद्युतीकरण कार्य 33/0.4 के.व्ही. 2x500 के.व्ही.ए. का कार्य 80+160 बहुमंजिला आवास गृह पिपलानी, भोपाल हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_296414_1 **दिनांक 16.08.2023 समय 17:00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है।

म.प्र. माध्यम/111204/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48900/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011

No./12056/GM(Tender)/WB/MPRRDA/2023 **Bhopal, Dated : 31.07.2023**

IFB No. 16 to 18 – WB/2023 (SUPPLY OF ENFORCEMENT EQUIPMENT)

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Supply of Enforcement Equipment under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	IFB No.	District	Package No.	Description of Equipment/ Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of Bid Document including 18% GST	Consignee
1	WB-16	Dhar, Indore and Datia	Phase-1	As per List attached in RFP	89350.00	11800.00	As per tender document
2	WB-17	Dhar, Indore and Datia	Phase-2A	As per List attached in RFP	30000.00	5900.00	As per tender document
3	WB-18	Dhar, Indore and Datia	Phase-3	As per List attached in RFP	389300.00	17700.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **01.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/111139/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48892/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.- 462 011

IFB NO. 19 –WB/2023

No./12257/GM (Tender)/WB/MPRCP/2023 **Bhopal, Dated : 03.08.2023**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** SUPPLY INSTALLATION & TRAINING OF SOFTWARE SOLUTION FOR CONCEPTUALISATION OF ROADS & BRIDGES, ANALYSIS AND DETAILED DESIGN OF ROADS for Madhya Pradesh Rural Road Academy and Rural Road Network Management Unit under Strengthening Design, Research and Quality Assurance Capacity as given below as under :-

S. No.	Description of Equipment	Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of Bid Document including 18% GST	Consignee
1.	Supply Installation & Training of Software Solution For Conceptualisation of Roads & Bridges, Analysis And Detailed Design of Roads For Mprrda	As per List attached in RFP	112817.00	14750.00	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 05.08.2023 from 17.30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/111211/2023

R-48901/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
No./12273/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 03.08.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 242/ MTN/2023 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :- SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.**

1. Table-1: Name of Work : Within 5 Year Maintenance (BW).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Seoni	1	580000.00

2. Table-2 : Name of Work : Post 5 Year (BW).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Umaria	1	14462000.00

3. Table-3 : Name of Work : Post 10 Year (BW).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Raisen	1	6352737.00
2.	Mandla	1	15068000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

M.P. Madhyam/111223/2023

R-48904/2023

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

291–बी, 302–ए, सेक्टर–ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)–452015
ई–मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731–4210700, 4210709, 4210743

10वीं/12वीं/इंजीनियरिंग डिप्लोमा पास के लिए निःशुल्क कार्यक्रम

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (**NSIC**) भारत सरकार का उपक्रम, नई दिल्ली द्वारा, भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की योजना **National SC-ST Hub** के अंतर्गत, अनुसूचित जाति (**SC**) एवं अनुसूचित जनजाति (**ST**) वर्ग के उम्मीदवार जो इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्वरोजगार के इच्छुक अथवा पहले से स्वरोजगार कर रहे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु **इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर** में निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं :–

S. No.	Name of the Programme	Place of Training	Training Duration (Hrs.)	No.of Trainees per batch	Duration	Course Start Date
1.	**Graphic Designing**	INDORE	260	30	1.5 Month	21.08.2023
2.	**Master Certificate Course in Mechatronics**		780	25	4 Months	
3.	**3DS MAX**		96	30	2 Weeks	
4.	**Advance CAD/CAM and CNC Machine**		780	30	4 Months	
5.	**Computer Hardware & Networking**	JABALPUR	96	25	2 Weeks	
6.	**CNC Operator / Machining Technician**		780	25	4 Months	

आवेदन पत्र सादे कागज पर निम्नलिखित आवश्यक प्रमाणपत्र स्वंय के द्वारा प्रमाणित कर ''जनरल मैनेजर, इण्डो–जर्मन टूल रूम, 291–बी 302–ए, सेक्टर–ई, इण्डस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर – पिन नं. 452015 (म.प्र.)''पर 14.08.2023 तक भी भेज सकते हैं एवं स्वयं संस्था में आकर भी जमा कर सकते हैं।

1. 10 वी तथा अंतिम पढ़ाई की अंकसूची 2. जाति प्रमाण–पत्र (SC/ST) 3. दो पासपोर्ट साईज का फोटो 4. आधार कार्ड की कॉपी / मतदाता परिचय पत्र

अधिक जानकारी के लिये हमारी वेबसाईट **www.igtr-indore.com** पर विजिट करें ।

Call : 8319441660, 9300001981, 9926969794

deepak

R-48909/2023

कार्यालय कुलसचिव

राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर- 474002 (म.प्र.)

क्रमांक/जन.सं./कु.स./विधि./2023/2617 दिनांक: 04/08/2023

आम–सूचना बावत कैविएट

विश्वविद्यालय के विज्ञापन क्र./आई.पी.आर.ओ./विज्ञापन–29/2023/कु.स./2516 दिनांक: 28.07.2023 द्वारा रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। विज्ञापन में म.प्र. शासन के नियमों का पालन किया गया है। विज्ञापन में विज्ञापित पदों की पूर्ति प्रक्रिया हेतु परीक्षा एवं साक्षात्कार प्रक्रिया के निर्वाध संचालन के विरुद्ध किस भी व्यक्ति द्वारा विश्वविद्यालय के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, प्रधानपीठ जबलपुर तथा खण्डपीठ इन्दौर एवं खण्डपीठ ग्वालियर में याचिका प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसे प्रकरणों के संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से कैविएट प्रस्तुत की जा रही है। अतः ऐसे याचिकाकर्ता जो विज्ञापन के विरुद्ध याचिका प्रस्तुत करना चाहते हैं, उनसे आग्रह है कि याचिका की अग्रिम प्रति नीचे दर्शाये गये अभिभाषक को प्रदान करें जिससे विश्वविद्यालय प्रस्तुत की जाने वाली याचिका में अपना प्रतिउत्तर पेश कर सकें। इस हेतु यह सूचना–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

माननीय उच्च न्यायालय प्रधान पीठ जबलपुर	श्री संजय कुमार मिश्रा, मंत्लेश्वर रोड, रघुनाथ सिंह इंजीनियर का बाड़ा, किलागेट ग्वालियर (म.प्र.) मोबा. नं. 9826466251 एवं श्री प्रवीण दुबे, चेम्बर नं. 318, विधि भवन, मा. उच्च न्यायालय, प्रधानपीठ परिसर, जबलपुर (म.प्र.) मोबा. नं. 9826193300
माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर	श्री संजय कुमार मिश्रा, मंत्लेश्वर रोड, रघुनाथ सिंह इंजीनियर का बाड़ा, किलागेट ग्वालियर (म.प्र.) मोबा. नं. 9826466251 एवं श्री पंकज तक्कर, 193, अम्बिका भवन, बद्रीधाम नगर, देवास (म.प्र.) मोबा. नं. 9109017211
माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर	श्री संजय कुमार मिश्रा, मंत्लेश्वर रोड, रघुनाथ सिंह इंजीनियर का बाड़ा, किलागेट ग्वालियर (म.प्र.) मोबा. नं. 9826466251

कुलसचिव

R-48908/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 12/2023-24 सी.एम. राइज योजना अंतर्गत स्वीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बन्नीदा का निर्माण कार्य जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_295876) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 22.08.2023 तक खरीद कर सायं 6:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/111159/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48894/2023

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आई.जी., माहेश्वरा नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), मोबा. : 9406808103
E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन नं. : 0734-2527715

क्र. 1015/पयं/मप्रपुहाइडेकालि/23/ उज्जैन, दिनांक : 03.08.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 10/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 10/2023-24 दिनांक 03.08.2023 के अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूलों का निर्माण कार्य, महाराजवाड़ा उज्जैन, खाचरौद, जिला उज्जैन एवं जीवाजीगंज, उज्जैन के निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_296504, 2023_MPPHC_296505, 2023_MPPHC_296506 कुल 3 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 04.08.2023 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111227/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48906/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 240/MTN/2023

No./12270/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 03.08.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. Name of Work – Repair/Maintenance of the Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Chhindwara	1	5399951.00
2	Narsinghpur	1	10696532.00
3	Shajapur	1	5989685.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 04.08.2023 from 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/111240/2023 **(TENDER)**

R-48907/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 241/ MTN/2023 (Flood Damage-SR)

No./12267/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 03.08.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.09.2017 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Name of Work : Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Narmadapuram	2	1001000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/111219/2023 **(TENDER)**

R-48903/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

- भारत सरकार द्वारा जारी राइट ऑफ वे (Right of Way Rules) नियम 2022 तथा भारतीय तार (अवसंरचना सुरक्षा) नियम, 2022 के साथ संरेखण करते हुए तैयार की गई 'मध्यप्रदेश में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना को सुगम बनाने हेतु नीति 2023' एवं 'मध्यप्रदेश में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना को सुगम बनाने हेतु दिशा-निर्देश 2023' का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
- उक्त नीति लागू किये जाने से मध्यप्रदेश में दूरसंचार अवसंरचना (4G/5G) का शीघ्रता से विस्तार होगा तथा राज्य शासन की आय में वृद्धि होगी।
- प्रदेश में दूरसंचार सेवाओं एवं अधोसंरचना के सुनियोजित विकास एवं विस्तार को सुनिश्चित करने के लिये 'मध्यप्रदेश में दूरसंचार सेवा, इंटरनेट सेवा, अवसंरचना प्रदाताओं द्वारा वायर लाइन या वायरलेस आधारित वाइस एवं डाटा पहुंच सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना की स्थापना को सुगम बनाने के लिये नीति एवं दिशा-निर्देश 2019 वर्तमान में लागू है।
- नीति की वैधता अवधि दिसम्बर, 2023 तक है। वर्तमान में देश के अंदर 5G दूरसंचार की सुविधाएं भी Roll-out कर दी गई है। भारत सरकार, संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग द्वारा दिनांक 17 अगस्त 2022 को भारतीय तारमार्ग के अधिकार (ROW) (संशोधन) नियम, 2022 जारी किए गए हैं, जिसमें 5G रोल-आउट से संबंधित दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना एवं बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिये विशिष्ट प्रावधान किये गये हैं। दूरसंचार विभाग, भारत सरकार द्वारा 3 जनवरी 2023 को भारतीय तार (अवसंरचना सुरक्षा) नियम, 2022 जारी किये गये हैं।
- इन नियमों में यह प्रावधान किया गया है कि सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति पर स्थापित मौजूदा दूरसंचार अवसंरचना स्थल पर कोई व्यक्ति/एजेन्सी खुदाई या खनन का कार्य करता है, तो सामान्य, पोर्टल के माध्यम से संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करेगा। इससे दूरसंचार अवसंरचना को अवांछित क्षति से बचाया जा सकेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों हेतु 20 प्रतिशत भूखंड का आरक्षण तथा इन उद्यमियों को प्रब्याजी और विकास शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने के संबंध में मध्यप्रदेश एमएसएमई के औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2021 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में 6 नवीन शासकीय आईटीआई की स्थापना का निर्णय लिया गया। इन 6 आईटीआई के लिए 114 प्रशिक्षकीय और 66 प्रशासकीय पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। इन 6 आईटीआई के लिए अनावर्ती व्यय रुपये 9487.20 लाख तथा पांच वर्ष के लिए आवर्ती व्यय लगभग रुपये 2580 लाख के वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति प्रदान की गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में चार नवीन पाठ्यक्रमों (सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) के संचालन की स्वीकृति दी गयी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मुद्रा योजना की पूर्व से मौजूद इकाइयों के लिये, जिनका 01 सितम्बर 2022 के बाद नवीनीकरण किया जा रहा है, मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना में पात्र होने पर लाभांवित किये जाने के लिये योजना में नवीन उद्यम होने संबंधी प्रावधान से छूट दी जाने का निर्णय लिया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं में जन अभियान परिषद की भागीदारी

भोपाल, अंकुर अभियान में लोगों को निरंतर जोड़ा जाए। हरियाली तीज के अवसर पर 19 अगस्त को वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम निर्धारित किया जाए। शासकीय कार्यक्रमों और योजनाओं के क्रियान्वयन में जन अभियान परिषद, प्रस्फुटन समितियों और नवांकुर संस्थाओं की पूरी भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। परिषद के रिक्त पदों की भर्ती के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव रखा जाएगा। ब्लॉक कॉर्डिनेटर के पद शीघ्र भरे जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन में जन अभियान परिषद की शासी निकाय की 13वीं बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 24 हजार प्रस्फुटन समितियां हैं, जिनसे ढाई लाख लोग सीधे जुड़े हुए हैं। रोडमैप बनाकर इन प्रस्फुटन समितियों से शासकीय कार्यों में योगदान लिया जाए। श्री चौहान ने कहा कि परिषद के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियां दूर करने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में बताया गया कि शासकीय अभियानों में जन अभियान परिषद लगातार सहयोग कर रही है। परिषद द्वारा विशेष रूप से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, अंकुर अभियान, एकात्म यात्रा, सिकल सेल जन जागरूकता और पेसा जन जागरूकता में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा साक्षरता अभियान, एमपी डिजिटल युवा अभियान, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान, वोटर आईडी से आधार कार्ड जोड़ने का कार्य और हर घर तिरंगा अभियान में भी परिषद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विकास खंड में नवांकुर संस्थाओं की शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।

मध्यप्रदेश में तीन चरणों में होगा सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान

भोपाल, मध्यप्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान 7 से 14 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने सभी वैक्सीनेटर को क्रियाशील करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण किये जाने के निर्देश दिए। एसीएस स्वास्थ्य श्री सुलेमान ने वल्लभ भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के समस्त जिलों में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान तथा यू-विन पोर्टल की तैयारी की गहन समीक्षा की। श्री सुलेमान ने कहा कि प्रदेश में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर एवं 9 से 14 अक्टूबर 2023 में संचालित किया जाना है। सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान में टीकाकारण में छूटे हुये 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जाना है। प्रदेश में पहली बार यू-विन पोर्टल डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका टीकाकरण किया जाये।

श्री सुलेमान ने निर्देश दिए कि संस्थागत डिलीवरी प्वाइंट पर टीकाकरण के लिए चिन्हित सभी एएनएम सेवर्ग को आईएमआई की सफलता के लिए निर्देशित करें। वैक्सीनेटर के रूप में एएनएम अग्रिम तीन चरणों के 6 कार्य दिवसों में टीकाकरण सेवाएं देंगे।

विकास पर्व

मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये हो रहे हैं निरंतर कार्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंदसौर जिले में विकास पर्व कार्यक्रम के दौरान किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुये

मंदसौर, मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों के साथ परिवार और समाज के स्तर पर भेदभाव के कई उदाहरण देखे। इससे उद्वेलित होकर ही लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। इसके बाद बेटियों और बहनों के लिए निरंतर अनेक योजनाएं बनाई गई। इन योजनाओं से प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का कार्य सफलतापूर्वक हुआ है। इस दिशा में मध्यप्रदेश में निरंतर कार्य हो रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदसौर जिले के पीपलियामंडी में विकास पर्व के दौरान किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसान-कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा रहा है। किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाकर 12 हजार रुपये किया गया है। पुरानी सरकार ने किसानों को डिफाल्टर बना दिया था। हमारी सरकार ने उनके ब्याज की राशि भरकर उन्हें फिर से शून्य प्रतिशत ब्याज पर फसलों के लिये ऋण दिलाना प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में मैं बहनों को केवल पैसा नहीं दे रहा हूं, बल्कि बहनों को सम्मान और मान दे रहा हूं। यह राशि केवल एक हजार नहीं रहेगी, बल्कि बढ़ाकर 3000 तक किया जाएगा। अब इसमें 21 से 23 वर्ष की बहनों एवं ट्रैक्टर वाले परिवारों की बहनों को भी शामिल कर लिया गया है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में बेटी को बोझ नहीं बनने देंगे। लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटी के जन्म लेते ही 30 हजार का बचत-पत्र दिया जाता है। लाड़ली बहना योजना से बहनें परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए राशि खर्च करने में सक्षम बन रही हैं। बहनों का सम्मान भी बढ़ रहा है। बहनों को इसका प्रावधान भी राज्य शासन ने किया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना के माध्यम से बहनों को राशि के साथ ही सम्मान भी प्रदान किया जा रहा है। मैं बहनों का भाई हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक उन्नयन के कार्य हो रहे हैं। सिंचाई, पेयजल की व्यवस्थाएं बेहतर की गई हैं। हर घर नल से जल प्रदाय किया जा रहा है। महिलाओं पर बुरी नजर रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

- **मंदसौर जिले की धुंधडका टप्पा को तहसील का दर्जा दिया जायेगा।**
- **मल्हारगढ़ सिंचाई परियोजना में छूटे हुये 31 गांव भी होंगे शामिल।**

स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। सम्पत्ति खरीदने में रजिस्ट्री में एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क ही बहनों से लिया जाता है। पुलिस बल में 30 प्रतिशत स्थानों पर महिलाएं आएं,

श्री चौहान ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी और विद्यार्थियों को दूसरे गांव पढ़ने जाने पर सायकिल दिलवाने की व्यवस्था की गई है।

शांति स्थापना के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हैं पुलिस के जवान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित पुलिस परिवार समागम कार्यक्रम में सम्मिलित हुये

भोपाल, शांति स्थापना के लिए पुलिस के जवान जरूरत पर सर्वोच्च बलिदान देते हैं। पुलिस के प्रति मेरा मन आदर और श्रद्धा से भरा रहता है। पुलिस कभी अपने टास्क से पीछे नहीं हटी। बेटियों को पुलिस भर्ती में आरक्षण दिया गया है। बेटियां अपने कर्तव्य का निर्वहन अच्छे ढंग से कर रही हैं। पुलिस के सभी मित्रों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। हमारे लिए आनंद के पल हैं। भांजे-भांजियों के चेहरे आनंद और प्रसन्नता से भरे रहें। वे अपना और देश-प्रदेश का बेहतर भविष्य बनायें। पुलिस परिवार सहित पूरा प्रदेश भी एक परिवार है। पुलिस दिन-रात जनता की सेवा करती है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास में पुलिस परिवार समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं

- सभी पुलिस थानों में पदस्थ आरक्षक से उप निरीक्षक स्तर तक के ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को जिनके पास शासकीय वाहन नहीं है, उन्हें 15 लीटर पेट्रोल भत्ता प्रतिमाह दिया जायेगा।
- पुलिसकर्मियों का पौष्टिक आहार भत्ता एक हजार रुपये प्रतिमाह किया जायेगा।
- आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक का वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 5 हजार रुपये किया जायेगा।
- राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को वेतनमान का पंचम स्तर दिया जायेगा।
- सभी पुलिसकर्मियों के लिए रोटेशन से साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जायेगा।
- पुलिसकर्मियों के लिए 25 हजार नये आवास बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है। पुलिस फोर्स में बेटियों की तादाद बढ़ती जा रही है, मध्यप्रदेश मेरा मंदिर है, जनता मेरी भगवान है और मैं उसका पुजारी हूं। अपने प्रदेश की जनता की समृद्धि और खुशहाली के लिए मेहनत कर रहा हूं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सब मिलकर मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने में योगदान करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया एवं इटारसी में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीय समय में संपर्क करें
0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण
- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

गुंजन पंकज प्रभु नार्वेकर

62.5 घंटे में लद्दाख की 3 पर्वत चोटियों पर पहुंचीं

गोवा की 12 वर्षीय लड़की गुंजन पंकज प्रभु नार्वेकर ने 62.5 घंटे में लद्दाख की मारखा घाटी में 6 हजार मीटर से ऊंची तीन पर्वत चोटियों को फतह कर एक नया अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने भविष्य की योजना को लेकर कहा कि वे अब माउंट एवरेस्ट और अन्नपूर्णा पर चढ़ना चाहती हैं। साथ ही वे अपने माता-पिता और देश को गौरवान्वित करना चाहती हैं।

फैन जैकेकेटो

गर्मी में शरीर को रखेगा ठंडा

जापान में गर्मी से बचने के लिए एयर कंडीशन्ड पैकेट बनाया गया है। इसका नाम फैन जैकेकेटो है। इसके अंदर चारों ओर पंखे लगे हुए हैं। इसे पहनने वाला भीषण गर्मी में अपनी इच्छानुसार इसका तापमान सेट कर सकता है। इसके साथ ही यह पैकेट ऑटोमेटिक तरीके से तापमान सेट करता है। एक बार चार्ज करने के बाद ये 60 घंटे तक चलता है।

इराक में

कोरियाई संस्कृति का उत्सव

उत्तरी इराक के कुर्दिश स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी अर्बिल में कोरियाई सांस्कृतिक महोत्सव पारंपरिक ढंग से धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग पारंपरिक परिधानों को पहनकर लोक कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किए। ज्ञात रहे कि कोरियाई संस्कृति दुनियाभर में लोकप्रिय के-पॉप और के-ड्रामा के प्रसार के कारण हुई। इसमें बीटीएस और साड के गंगनम स्टाइल डांस के साथ-साथ ज्वेल इन द पैलेस ड्रामा भी शामिल है। भारत में भी गंगनम स्टाइल काफी लोकप्रिय है।

डेविड रश

माथे पर गिटार बैलेंस कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

अमेरिका के डेविड रश ने एक घंटे 46 मिनट 34 सेकंड तक अपने माथे पर एक गिटार को बैलेंस कर अपने पिछले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को फिर से हासिल किया। डेविड ने 2017 में माथे पर गिटार को सबसे लंबे समय तक बैलेंस करने का रिकॉर्ड बनाया था, तब उन्होंने इस संगीत वाद्ययंत्र को 10 मिनट से अधिक समय तक माथे पर रखा था। उन्होंने 2021 में 1 घंटे 24 मिनट, फिर 1 घंटे 38 मिनट 14 सेकंड तक माथे पर गिटार बैलेंस कर यह रिकॉर्ड बनाया था।

विमान एक्स - 59 से

हवाई सफर की बढ़ेगी रफ्तार

न्यूयॉर्क से शंघाई की दूरी 15 घंटे की बजाय महज 39 मिनट में पूरी होने जा रही है। लंदन से सिडनी का 22 घंटे का सफर 2 घंटे में पूरा होगा। हाल ही में नासा सब ऑर्बिटल विमान, एक्स-59 का परीक्षण किया गया। यह सुपरसोनिक विमान कॉनकॉर्ड की उड़ान के 20 साल बाद उड़ान भरने जा रहा है। एक्स-59 कॉनकॉर्ड से छोटा और धीमा है। इसकी अधिकतम रफ्तार 1,500 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह सिंगल सीटर विमान है। इसकी लंबाई 100 फीट है। इसमें 29.5 फीट का कठोर पंख है और इस विमान की ऊंचाई 14 फीट है।

फार्मूला-1 कार

ट्रैक्टर के पार्ट्स से बनायी

बेलारूस की एक कंपनी ने ट्रैक्टर के पार्ट्स से फॉर्मूला-1 कार बनाई है। ये कार 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकती है। इस अजीब रेसिंग कार में ट्रैक्टर के पहिए, हेडलाइट्स और अन्य पार्ट्स लगाए गए हैं। इसका असामान्य सा डिजाइन ही लोगों का ध्यान आकर्षित करता है।

रेलवे जंक्शन का नाम

क्रिकेटर मिन्नू मणि के नाम पर होगा

भारतीय महिला क्रिकेटर मिन्नू मणि के नाम पर मैसूरू रेलवे जंक्शन का नाम 'मिन्नू मणि जंक्शन' कर दिया गया है। केरल के मनथावाडी में उनके घर तक सड़क नहीं होने के बावजूद 24 साल की मिन्नू खुश हैं कि उनके नाम पर स्टेशन का नाम रखा है। ऑफ स्पिनर मिन्नू ने बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था।

अखिल के.

जेसीबी ऑपरेटर लेखक को मिला प्रतिष्ठित पुरस्कार

केरल के अखिल के. को उनकी लघुकथाओं के संग्रह 'नीलाचदयन' के लिए हाल ही में केरल साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित वार्षिक साहित्य पुरस्कारों से नवाजा गया है। अखिल परिवार की जिम्मेदारी के चलते 12वीं के बाद से जेसीबी ऑपरेटर और अखबार बांटने का काम करते हैं और खाली समय में लघुकथाएं लिखते हैं।

सारा खादेम

ईरानी खिलाड़ी को मिली स्पेन की नागरिकता

ईरान की चेस खिलाड़ी सारा खादेम को स्पेन की नागरिकता मिल गई है। उन्होंने दिसंबर में एक इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट बिना हिजाब पहने खेला था। जिसके बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। इन धमकियों की वजह से उनके खेल पर असर पड़ रहा था। उनकी मनोदशा भी बिगड़ रही थी। तब उन्होंने सुकून के लिए यह रास्ता चुना।

ऑस्ट्रेलिया के

तट पर फंसी 100 पायलट व्हेल

ऑस्ट्रेलिया के समुद्री तट पर 52 पायलट व्हेल की मौत हो गयी है। ऑस्ट्रेलिया के पार्क एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस ने बताया कि देश के सुदूर पश्चिम में चीनेस बीच पर करीब 100 पायलट व्हेल्स पहुंची थीं। रातभर फंसे रहने के कारण आधे से ज्यादा की मौत हो गयी। ज्ञात रहे कि पायलट व्हेल समुद्री डाल्फिन की प्रजाति है जो समूह में सफर करती हैं। ये समुद्र तट पर अपने समूह के एक लीडर (पायलट) को फॉलो करती हैं।

इरशाद अहमद

सीरिया में भारत के नए राजदूत होंगे

इरशाद अहमद को सीरिया में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार अहमद जल्द ही कार्यभार संभालेंगे। वह मस्कट में भारतीय दूतावास के काउंसलर के रूप में कार्य कर रहे थे।

एस. फांगनोन कोन्याक

राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाली नागालैंड की पहली महिला

नागालैंड की पहली महिला राज्यसभा सदस्य एस. फांगनोन कोन्याक ने सदन की अध्यक्षता कर नया रिकॉर्ड बनाया। फांगनोन ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि राज्यसभा की अध्यक्षता करते हुए वे बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही थी।

ग्रीस में

आग बुझाते समय प्लेन हुआ क्रैश

ग्रीस के जंगलों की आग को रोकने गया प्लेन क्रैश हो गया। प्लेन ग्रीस के ईविया टापू पर क्रैश हुआ। वायुसेना के अनुसार हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई। ग्रीस में आई तीसरी हीट वेव ने तापमान को 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा दिया। इसी की सुरक्षा का कार्य उक्त प्लेन कर रहा था। जंगल में राहत कार्य के दौरान प्लेन क्रैश हो गया।

शुवालॉय मजूमदार

कनाडा में जीता उपचुनाव

कनाडा में भारतीय-कनाडाई उम्मीदवार शुवालॉय मजूमदार को हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए हुए चुनाव में प्रतिष्ठित कैलगरी-हेरिटेज सीट पर जीत मिल गई है। पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

ट्विटर

नाम और लोगो बदला

ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने इस बार ट्विटर का नाम और लोगो दोनों ही बदल दिए हैं। ट्विटर का नया नाम अब X होगा। साथ ही नीली चीड़िया का लोगो भी बदलकर 'एक्स' कर दिया है। मस्क ने अपनी प्रोफाइल पिक भी बदलकर 'एक्स' कर दी है।

जू वेंजून

फिर बनीं विश्व महिला शतरंज चैम्पियन

चीन की जू वेंजून लगातार चौथी बार विश्व महिला शतरंज चैम्पियन बन गयी हैं। विश्व महिला शतरंज चैम्पियनशिप के अंतिम 12वें राउंड में उन्होंने चैलेंजर चीन की ही ली टिंगजे पर जीत दर्ज करते हुए विश्व खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6.5-5.5 से जीत दर्ज की है। प्रतियोगिता के पहले भाग में वे प्रतिद्वंदी से पिछड़ गयी थीं। उन्होंने अंतिम राउंड में कोले सिस्टम खेलकर जीत हासिल की।

चेतना मारू

पहला उपन्यास ही बुकर की सूची में शामिल

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास 'वेस्टर्न लेन' को बुकर पुरस्कार 2023 के संभावित विजेता पुस्तकों की सूची में शामिल किया गया है। केन्या में जन्मीं मारू का उपन्यास ब्रिटेन में रहने वाले गुजरातियों के परिवेश पर आधारित है। बुकर पुरस्कार 2023 के विजेता की घोषणा 26 नवंबर को लंदन में आयोजित समारोह में की जाएगी। इसमें पुरस्कार स्वरूप विजेता को 50 हजार पाउंड (करीब 53 लाख रुपये) और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

पॉप लॉरिटयू

सबसे ज्यादा पुशअप का रिकॉर्ड बनाया

लंदन में रोमानिया के एथलीट पॉप लॉरिटयू ने 1 घंटे में सबसे ज्यादा पुशअप का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। 35 वर्षीय पॉप को बचपन से ही पुशअप में दिलचस्पी रही है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक लॉरिटयू ने 1 घंटे में 3,378 पुशअप किए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल स्केली के 3,249 पुशअप का रिकॉर्ड तोड़कर यह नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

कनाडा में

फेसबुक पर नहीं पढ़ सकेंगे समाचार

मेटा ने कनाडा में फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर समाचार को ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। मेटा ने यह फैसला उस कानून के विरोध के तौर पर लिया है, जिसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया कंपनियों को समाचार के बदले समाचार प्रकाशक को पैसे देने होंगे। नया नियम फेसबुक, गूगल और ट्विटर सहित सभी सोशल मीडिया कंपनियों पर लागू होता है। ज्ञात रहे कि ऑस्ट्रेलिया की तरह ही कनाडा में भी ऑनलाइन समाचार अधिनियम पेश किया गया है जिसका उद्देश्य मीडिया हाउस, समाचार पत्रों को घाटे से बाहर निकालना है।

पोलैंड में

वारसॉ विद्रोह की वर्षगांठ मनायी गई

पोलैंड की राजधानी वारसॉ में मशालों के साथ वारसॉ विद्रोह की 79वीं वर्षगांठ मनायी गयी। 1 अगस्त 1944 को वारसॉ के लोगों ने आजादी के लिए विद्रोह छेड़ दिया था। इसका नेतृत्व पोलिश रेजिमेंट होम आर्मी ने किया। करीब दो महीने से अधिक समय तक राजधानी की सड़कों पर यह विद्रोह चला था और कई लोग शहीद हो गए थे।

स्मृति शेष

मराठी-हिन्दी सिने अभिनेता जयंत सावरकर का निधन

मराठी और हिन्दी फिल्मों के अभिनेता जयंत सावरकर का 87 वर्ष की उम्र में ठाणे में निधन हो गया। उन्होंने हिन्दी फिल्म जगत में 'सिंघम' और 'रॉकी हैंडसम' सहित कई फिल्मों में अभिनय किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मेरी जिंदगी की सबसे महत्वपूर्ण योजना है लाड़ली बहना - मुख्यमंत्री

सीहोर, पूरा मध्यप्रदेश बदल रहा है। प्रदेश में तेजी से विकास और जनकल्याण के कार्य हो रहे हैं। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय जो कभी 11 हजार रुपये थी, अब एक लाख 40 हजार रुपये हो गई है। पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया है। हर खेत में सिंचाई का पानी और हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य हो रहा है। बिजली की आपूर्ति निरंतर है। विकास के सभी मानकों में मध्यप्रदेश आगे है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम बायां में विकास पर्व कार्यक्रम में जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने 25 करोड़ 98 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण किया। इनमें 25 करोड़ 32 लाख 84 हजार रुपये के भूमिपूजन एवं 65 लाख 64 हजार रुपये के लोकार्पण शामिल हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। प्रारंभ में बेटियों का पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना मेरी जिंदगी की सबसे महत्वपूर्ण योजना है। मैंने बचपन से बेटियों के प्रति भेदभाव देखा और संकल्प लिया कि इसे मिटा कर रहूंगा। प्रदेश में बेटियों को सम्मान और मजबूती प्रदान करने के लिये निरंतर कार्य हो रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्या-विवाह/निकाह, पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण, संबल जैसी योजनाओं के बाद लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। यह योजना बहनों को समाज में सम्मान दिलायेगी और उनका आत्मविश्वास बढ़ायेगी। इस योजना पर एक वर्ष में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। आगामी समय में इसकी राशि को बढ़ाकर 3000 रुपये तक किया जायेगा। बहनों को सशक्त बनाने के लिये स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है और उनकी आमदनी प्रतिमाह कम से कम 10 हजार रुपये करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

- **बायां में नाले की रिटेनिंग वॉल निर्माण एवं पक्कीकरण।**
- **सलकनपुर कॉरिडोर निर्माण के लिये सर्वे।**
- **एक हजार मीटर आंतरिक मार्ग स्वीकृत।**
- **सामुदायिक भवन निर्माण।**
- **हायर सेकेण्डरी स्कूल में कॉमर्स कक्षाएं प्रारंभ करना।**
- **नया कचरा संग्रहण वाहन।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन से मैं बायां आया करता हूं। गांव के लगभग सभी घरों में मैं गया हूं। बायां की दाल और गुड़ पट्टी मुझे आज भी याद आती है। उन्होंने बायां के सरकारी स्कूल में मरम्मत और क्षेत्र के विकास के लिये अनेक घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सलकनपुर में देवी माँ का भव्य मंदिर बन रहा है, जहां पूरी दुनिया से लोग दर्शन करने आयेंगे। बुधनी में 750 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। बायां में फोरलेन का कार्य भी किया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि बच्चे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें मैं उनकी पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आने दूंगा। इसके लिये विद्यार्थियों को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने पर लैपटॉप दिया जाता है, पांचवीं से छठवीं और आठवीं से नौवीं अन्य गांव में पढ़ने जाने के लिये साइकिल दी जाती है और अब बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले एक बेटे और एक बेटी को स्कूटी दी जायेगी। मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार और स्व-रोजगार के व्यापक अवसर दिलाये जा रहे हैं। एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती चल रही है और 50 हजार पदों पर आगे होगी। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में सरकार स्व-रोजगार के लिये अपनी गारंटी पर ऋण और ब्याज अनुदान दिलवाती है। 12वीं पास अथवा आईटीआई करने वाले विद्यार्थियों को सीखो-कमाओ योजना में प्रशिक्षण के साथ 8 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाता है।

श्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने जनकल्याण की बहुत सी योजनाएं बंद कर दीं। मुख्यमंत्री कन्या-विवाह, मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन, संबल जैसी योजनाएं बंद कर दी गईं हमारी सरकार ने इन्हें पुनः चालू किया है। अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से भी तीर्थ-यात्रा करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना में 332 करोड़ रुपये स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शहरों के विकास के लिये की गई विभिन्न घोषणाओं को पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना-चतुर्थ चरण में 332 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। स्वीकृत राशि से 299 नगरीय निकायों की 308 परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि स्वीकृत राशि से 29 घोषणाओं के तहत कराये जाने वाले विकास कार्यों में अशोकनगर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिये 25 करोड़, कटनी नदी पुल के दोनों ओर एवं कटाये घाट में रिवर फ्रंट विकास के लिये 6 करोड़, बड़वानी शहर में सड़कों चौड़ीकरण और वेंडर मार्केट के लिये 3 करोड़ 50 लाख रुपये, प्रत्येक नगर पंचायत को विकास कार्यों के लिये 2-2 करोड़, शिवपुरी की थीम रोड की सौन्दर्यीकरण के लिये 8 करोड़ 50 लाख, नगर निगम भोपाल में वार्ड 80 से 85 तक को विकास कार्यों के लिये 15 करोड़, गुफा मंदिर प्रांगण में नाले का निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिये 5 करोड़, छोला हनुमान जी के मंदिर का जीर्णोद्धार एवं कॉरिडोर निर्माण के लिये 6 करोड़, ब्यौहारी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने के लिये 20 करोड़, नगर परिषद चित्रकूट में कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण के लिये 25 करोड़ और 30 करोड़ रुपये की लागत से किये जाने वाले चित्रकूट में विभिन्न निर्माण एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

ई-स्पोर्ट्स जनरेशन जेड के स्किल को विकसित करने का बेहतरीन जरिया

भोपाल, संचालक खेल और युवा कल्याण श्री रवि कुमार गुप्ता ने कहा है कि ई-स्पोर्ट्स जनरेशन जेड के स्किल को विकसित करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है जहां ई-स्पोर्ट्स अकादमी को प्रारंभ किया जा रहा है। अकादमी में युवाओं को प्रोफेशनल गेमिंग के साथ ही इससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे कास्टर्स (जो गेमिंग इवेन्ट की कमेन्ट्री करते हैं), गेम डेव्हलपर्स, कन्टेन्ट क्रियेटर, टूर्नामेन्ट ऑपरेटर, कोडर्स आदि के लिये भी शिक्षित किया जायेगा।

बिग बेंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के को-फाउंडर और सीईओ श्री रवनीत गिल ने कहा कि वर्तमान में गेमिंग इण्डस्ट्री दुनिया की सबसे बड़ी इण्डस्ट्री है। रिसर्च के अनुसार गेमिंग निर्णय लेने की और परिणामात्मक क्षमता को विकसित करने में मददगार माना गया है। गेमिंग युवाओं को विज्ञान की व्यवहारिकता के साथ कोडिंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, वेब डिजाइनिंग सीखने का मौका प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश ने खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। ई-स्पोर्ट्स अब एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल किया गया है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आ.सू.क्र./एन.एच.एम./07/2023-24/601 **भोपाल, दिनांक : 31.07.2023**

निविदा आमंत्रण सूचना

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **(www.mptenders.gov.in)** (Department of Directorate of Health Services) स.क्र. 1 से 5 तक दो लिफाफा पद्धति एवं स.क्र. 06 तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू, लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 15.09.2022 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:

ई-निविदा सूचना क्रमांक-07/2023-24 दिनांक 31.07.2023

स. क्र.	टेण्डर नं. 2023_ DHS	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	जमा धरोहर राशि रु.	टेण्डर दर राशि रु.	समयसीमा वर्षाकाल सहित
1.	295264	जिला भोपाल के 02 सिविल अस्पताल बैरसिया एवं कोलार एवं 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर भवनों में मरम्मत कार्य एवं आवश्यक कार्य। कुल 03	48.23	50000/-	5000/-	03 माह
2.	295265	जिला बैतूल में 01 जिला चिकित्सालय, 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा, आठनेर, प्रभात पट्टन, मुलताई एवं चिचोली एवं 01 सीएमएचओ कार्यालय के भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 07	80.00	80000/-	10000/-	04 माह
3.	295266	जिला रायसेन के 01 जिला चिकित्सालय 01 सिविल अस्पताल बरेली, 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाडी, उदयपुरा, औबेदुल्लागंज एवं 01 जी.एन.एम.टी.सी. भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 7	73.00	73000/-	10000/-	04 माह
4.	295267	जिला हरदा 01 जिला चिकित्सालय एवं 04 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया, टिमरनी, सिराली एवं हंडिया एवं जिला नर्मदापुरम के 01 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखतवा भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 06	74.73	74730/-	10000/-	04 माह
5.	295269	जिला विदिशा में 01 जिला अस्पताल 03 सिविल अस्पताल सिरोंज, गंजबासौदा, पीपलखेड़ा, 01 जी.एन.एम.टी.सी. ब्लाक एवं 01 वैक्सीन स्टोर भवनों में मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 06	79.14	79140/-	10000/-	04 माह
6.	295270	जिला राजगढ़ में 01 जिला चिकित्सालय के टामा सेन्टर, 01 नैदानिक, 01 आईवार्ड, 03 सिविल अस्पताल ब्यावरा, नरसिंगढ़, सारंगपुर, 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुजनेर, सुठलिया एवं 01 जी.एन.एम.टी.सी. एवं जिला सीहोर में 01 चिकित्सालय 01 सिविल अस्पताल आष्टा, 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्यामपुर, बिलकिसगंज, 01 सीएमएचओ कार्यालय मरम्मत एवं आवश्यक कार्य। कुल 14	148.11	148110/-	12500/-	04 माह

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 02.08.2023 प्रातः 10.30 से **दिनांक 16.08.2023** सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचारपत्रों में नहीं। 5. उपरोक्तानुसार कार्यों का विस्तृत विवरण ऑनलाइन में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

जी-17785/48890/2023

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर
विज्ञापन की संक्षिप्त सूचना

क्रमांक : 64/परीक्षा/टी.ए. (सी.)/2023 **जबलपुर, दिनांक : 31.07.2023**

तकनीकी असिस्टेंट (कम्प्यूटर) [Technical Assistant (Computer)]
सीधी भर्ती परीक्षा-2023

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 01.08.2023 (12.00 PM)
आवेदन करने की अंतिम तिथि : **01.09.2023 (11.55 PM)**
आवेदन में त्रुटि सुधार प्रारंभ होने की तिथि : 06.09.2023 (12.00 PM)
आवेदन में त्रुटि सुधार होने की अंतिम तिथि : 08.09.2023 (11.55 PM)
ऑनलाइन परीक्षा की दिनांक : बाद में अधिसूचित की जावेगी।

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश में **तकनीकी असिस्टेंट (कम्प्यूटर)** के 05 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्थान/बेंच वार पदों की संख्या निम्नानुसार है :-

स्थान	जबलपुर	इंदौर	ग्वालियर	कुल पद
पदों की संख्या	01	02	02	**05**

श्रेणीवार पदों की संख्या निम्नानुसार है :-

श्रेणी	पदों की संख्या*
अनारक्षित	03
अनुसूचित जाति	01
अनुसूचित जनजाति	01
योग	**05**

***पदों की संख्या परिवर्तित हो सकती है और उस स्थिति में अधिसूचना उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रकाशित की जावेगी।**

उपरोक्त पदों पर भर्ती का विस्तृत विज्ञापन उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर उपलब्ध है, योग्य उम्मीदवार विज्ञापन का अवलोकन कर उपरोक्त दी गई तिथियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

Sd/-
रजिस्ट्रार जनरल

जी-17756/48888/2023

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन मण्डल की परीक्षाओं हेतु

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से किस अनुदान को मतदान हेतु लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने से पूर्व लोक लेखा समिति का अनुमोदन प्राप्त होना चाहिए?
अ. सांकेतिक अनुदान
ब. अतिरेक अनुदान
स. अपवादानुदान
द. अतिरिक्त अनुदान
उत्तर- ब. अतिरेक अनुदान (अधिक अनुदान)

2. निम्न कथन में से कौन सा भारत शासन अधिनियम 1935 के संदर्भ में असत्य है?
अ. भारत शासन अधिनियम 1858 द्वारा स्थापित भारत परिषद् को समाप्त
ब. संघीय न्यायालय की स्थापना (1937 में)
स. केंद्रीय बजट को राज्यों के बजट से अलग किया गया
द. संघीय लोक सेवा आयोग की स्थापना की गई
उत्तर- स. केंद्रीय बजट को राज्यों के बजट से अलग किया गया।

3. स्वतंत्रता के पूर्व गठित संविधान सभा के कुल 389 सदस्यों में से कितनी सीटें ब्रिटिश भारत हेतु आवंटित की गई थीं?
अ. 292 ब. 299
स. 296 द. 93
उत्तर- स. 296 सीटें

4. 'पायका योजना' का संबंध निम्न में से किस क्षेत्र से है?
अ. महिला बाल विकास
ब. उद्योग
स. पंचायतों से
द. खेल क्षेत्र
उत्तर- द. खेल क्षेत्र

5. 'कलारीपट्टू' जो कि एक प्रसिद्ध मार्शल आर्ट है, किस राज्य से संबंधित है?
अ. आंध्रप्रदेश ब. अरूणाचल
स. केरल द. असम
उत्तर- स. केरल

6. 'पाम ट्री हिटर' के नाम से किस क्रिकेट खिलाड़ी को जाना जाता है?
अ. पाली उमरीगर
ब. सुनील गावस्कर
स. मुश्ताक अली
द. चन्दू सरवटे
उत्तर- अ. पाली उमरीगर

7. रोहिटन बारिया ट्रॉफी का संबंध किस खेल से है?
अ. फुटबॉल ब. बैडमिंटन
स. हॉकी द. क्रिकेट
उत्तर- द. क्रिकेट

8. 'दीपिका पल्लीकल' का संबंध किस खेल से है?
अ. टेबलटेनिस ब. स्क्वैश
स. पोलो द. स्नूकर
उत्तर- ब. स्क्वैश

9. मसाण्या लोकगीत का संबंध मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से है?
अ. मालवा ब. निमाड़
स. बुंदेलखण्ड द. बघेलखण्ड
उत्तर- ब. निमाड़

10. निम्न में से किस लोकनाट्य का संबंध बघेलखण्ड से है?
अ. छाहुर ब. हिंगाला
स. मनसुख द. उपरोक्त सभी
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

11. मध्यप्रदेश में वर्षा के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
अ. मध्यप्रदेश में वर्षा दक्षिण-पश्चिमी मानसून की दोनों शाखाओं से होती हैं।
ब. दक्षिण-पूर्वी भाग में वर्षा बंगाल की खाड़ी से होती है।
स. पश्चिमी भाग अरब सागरीय शाखा से होती है।
द. वर्षा दक्षिण तथा पूर्वी भाग में कम तथा उत्तरी व पश्चिमी भाग की ओर क्रमशः बढ़ती जाती है।
उत्तर- द. वर्षा दक्षिण तथा पूर्वी भाग में कम तथा उत्तरी व पश्चिमी भाग की ओर क्रमशः बढ़ती जाती है।

12. 'हरसी परियोजना' किस नदी पर अवस्थित है?
अ. पार्वती ब. चम्बल
स. माही द. बेतवा
उत्तर- अ. पार्वती

13. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की किस वर्ष स्थापना की गई?
अ. 1955 ब. 1950
स. 1948 द. 1995
उत्तर- अ. 1955

14. निम्न में से कौन सी नदी बेसिन, गंगा नदी बेसिन का भाग नहीं है?
अ. माही बेसिन ब. टोंस बेसिन
स. सोन बेसिन द. यमुना बेसिन
उत्तर- अ. माही बेसिन

15. एक समतल दर्पण हेतु वक्रता त्रिज्या का मान क्या होगा?
अ. अनन्त
ब. शून्य
स. अवतल दर्पण के समान
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. अनन्त

16. 'रौतिया तथा रौतेले' निम्न में से किस जनजाति के उपवर्ग हैं?
अ. कोल ब. सहरिया
स. कोरकू द. परधान
उत्तर- अ. कोल जनजाति

17. कवक का किसी पौधे की जड़ के साथ सहजीवन क्या कहलाता है?
अ. अधिपाद्य
ब. माइकोराइज़ा
स. उपरोक्त (अ) व (ब)
द. दोनों में से कोई नहीं
उत्तर- ब. माइकोराइज़ा

18. भारत द्वारा चिन्हित किए गए पहले होप स्पॉट्स कौन से/सा है?
अ. अंडमान निकोबार
ब. लक्षद्वीप
स. पश्चिमी घाट समूह
द. (अ) व (ब) दोनों
उत्तर- द. (अ) व (ब) दोनों

19. निम्न में से कौन सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थान पद्धति नहीं है?
अ. राष्ट्रीय उद्यान
ब. वन्यप्राणी अभ्यारण्य
स. वानस्पतिक उद्यान
द. जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र
उत्तर- स. वानस्पतिक उद्यान

20. ठट्ठेकाड़ पक्षी अभ्यारण्य कहां स्थित है?
अ. तमिलनाडु ब. आन्ध्रप्रदेश
स. केरल द. मणिपुर
उत्तर- स. केरल

21. 'ध्वनि के वेग' से संबंधि निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?
अ. माध्यम के ताप बढ़ने के साथ ध्वनि की चाल बढ़ जाती है।
ब. दाब का ध्वनि के वेग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।
स. आर्द्र वायु में ध्वनि का वेग कम हो जाता है।
द. हवा के विपरीत दिशा में ध्वनि का वेग घटता है।
उत्तर- स. आर्द्र वायु में ध्वनि का वेग कम हो जाता है।

22. प्रकाश की उत्पत्ति का 'फोटॉन सिद्धांत' किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया था?
अ. न्यूटन ब. हाइजीन
स. आइंस्टीन द. डाल्टन
उत्तर- स. आइंस्टीन

23. उत्तल दर्पण में यदि कोई वस्तु अनंत एवं ध्रुव के बीच स्थित हो तो प्रतिबिंब की स्थिति क्या होगी?
अ. फोकस पर
ब. ध्रुव पर
स. फोकस व ध्रुव के बीच
द. वक्रता केंद्र
उत्तर- स. फोकस व ध्रुव के बीच

24. 'न्यूटन का वलय' (Ring) निम्न में से प्रकाश के किस गुण को प्रदर्शित करता है?
अ. परावर्तन ब. अपवर्तन
स. व्यतिकरण द. विवर्तन
उत्तर- स. व्यतिकरण

25. 'मंशु ओझा' जो कि भारत छोड़ो आंदोलन के एक प्रमुख क्रांतिकारी रहे हैं, वे मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से संबंधित हैं
अ. सिवनी ब. बैतूल
स. छिन्दवाड़ा द. रतलाम
उत्तर- ब. बैतूल

26. 'मध्यप्रदेश का रेणुकूट' किसे कहा जाता है?
अ. अमरकंटक ब. सागर
स. बालाघाट द. मंडला
उत्तर- अ. अमरकंटक

27. बैगा जनजाति की सांस्कृतिक मान्यताओं में 'बेवात' किसे कहा जाता है?
अ. जनजाति गांव को
ब. गांव की सुरक्षा करने वाले अधिकारी को
स. मुखिया को
द. पुरोहित का कार्य करने वाले को
उत्तर- द. पुरोहित का कार्य करने वाले को

28. 'राजशेखर सृजनपीठ कहां अवस्थित है?
अ. भोपाल ब. सागर
स. जबलपुर द. खण्डवा
उत्तर- स. जबलपुर

29. 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय' की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
अ. 2010 ब. 2008
स. 1946 द. 1991
उत्तर- ब. 2007-08

30. 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का आरंभ किस वर्ष किया गया?
अ. 2010 ब. 2014
स. 2012 द. 2017
उत्तर- स. 2012

31. आंध्रप्रदेश में एन्नोर के पास गोदावरी एवं कृष्णा के डेल्टा क्षेत्र के बीच कौन सी झील बनी है?
अ. कंबम झील
ब. कोलेरु झील
स. मैलावरम झील
द. औक झील
उत्तर- ब. कोलेरु झील

32. निम्न में से कैंटरबरी घास के मैदान कहां अवस्थित हैं?
अ. न्यूजीलैंड ब. पूर्वी अफ्रीका
स. अर्जेंटीना द. वेनेजुएला
उत्तर- अ. न्यूजीलैंड

33. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य भागड़ा नांगल परियोजना से लाभान्वित राज्य नहीं है?
अ. पंजाब ब. हरियाणा
स. राजस्थान द. महाराष्ट्र
उत्तर- द. महाराष्ट्र

34. बरौनी का तेलशोधक कारखाना किसके सहयोग से बनाया गया?
अ. सोवियत संघ ब. जर्मनी
स. ब्रिटेन द. USA
उत्तर- अ. सोवियत संघ

35. किस संविधान संशोधन के तहत 'दिल्ली का नाम बदलकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' कर दिया गया?
अ. 70वां ब. 69वां
स. 86वां द. 84वां
उत्तर- ब. 69वां

36. वर्ष 1943 में किसके द्वारा गांधीवादी योजना प्रस्तुत की गई थी?
अ. एम.एन. रॉय
ब. श्रीमन नारायण अग्रवाल
स. एम. विश्वेश्वरैया
द. जय प्रकाशनारायण
उत्तर- ब. श्रीमन नारायण अग्रवाल

37. प्रधानमंत्री वय वन्दना योजना किस वर्ष आरंभ की गई?
अ. 2016 ब. 2019
स. 2017 द. 2014
उत्तर- स. 2017

38. निम्न में से कौन 'राम वन गमन पथ पुनरावलोकन' नामक पुस्तक के लेखक हैं?
अ. शिवराज सिंह चौहान
ब. श्री पुष्कर बाहेती
स. डॉ. रामगोपाल सोनी
द. उषा ठाकुर
उत्तर- स. डॉ. रामगोपाल सोनी

39. Chat GPT द्वारा संचालित भारत का पहला चैटबॉट कौन सा है?
अ. Lehia
ब. Lexi
स. Lucy
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- ब. Lexi

40. प्रस्तावित जैतापुर ऊर्जा परियोजना देश के किस राज्य में है?
अ. केरल ब. महाराष्ट्र
स. आंध्रप्रदेश द. तमिलनाडु
उत्तर- ब. महाराष्ट्र (रत्नागिरी)

41. पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना भारत ने किस देश के साथ मिलकर लागू की है?
अ. नेपाल ब. श्रीलंका
स. अफगानिस्तान द. चीन
उत्तर- अ. नेपाल

42. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?

राज्य	राष्ट्रीय उद्यान
अ. नागालैंड	- इंटाकी
ब. मणिपुर	- सिरोई
स. पश्चिम बंगाल	- कांगेर घाटी
द. मिजोरम	- फवंगपुई नीला पर्वत

उत्तर- स. पश्चिम बंगाल - कांगेर घाटी

43. निम्न में से कौन सी नदी शिवसमुद्र नामक जल प्रपात बनाती है?
अ. कावेरी ब. कृष्णा
स. पलार द. पेन्नार
उत्तर- अ. कावेरी नदी

44. निम्न में से किस राज्य के राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा संविधान पार्क का उद्घाटन किया गया?
अ. बिहार ब. ओडिशा
स. राजस्थान द. छत्तीसगढ़
उत्तर- स. राजस्थान

45. भारत इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास गरूड़ शक्ति 2022 कहां आयोजित किया गया?
अ. इंडोनेशिया के सिलोडॉन्ग
ब. मेघालय के उमरोई में
स. उत्तराखंड के औली में
द. राजस्थान के महाजन फील्ड में
उत्तर- अ. इंडोनेशिया के सिलोडॉन्ग में

46. निम्न में से किस देश ने अपनी राजधानी नूरसुल्तान का नाम बदल कर 'अस्ताना' कर दिया है?
अ. ताजाकिस्तान ब. तुर्की
स. कजाकिस्तान द. तुर्केमेनिस्तान
उत्तर- स. कजाकिस्तान

47. शंघाई सहयोग संगठन ने किस भारतीय शहर को अपना पहला सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी बनाया?
अ. अहमदाबाद ब. जयपुर
स. वाराणसी द. मथुरा
उत्तर- स. वाराणसी

48. निम्न में से किस राज्य ने हाल ही में सीमा शुल्क एवं जीएसटी संग्रहालय 'धरोहर' का उद्घाटन किया गया?
अ. गुजरात ब. गोवा
स. महाराष्ट्र द. केरल
उत्तर- ब. गोवा (पणजी)

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 01
कार्यालय भवन 1558 गोरखपुर थाने के पीछे ऋषि कॉटेज तरन कॉलोनी कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) पिनकोड- 482002, फोन नं. : 0761-4927201
Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 01 के अंतर्गत जिला-मण्डला में कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य बीजाडांडी, जिला-छिंदवाड़ा में कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य, बिछुआ एवं जिला-जबलपुर में कन्या शिक्षा परिसर का निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-09 वर्ष 2023-24 (ऑनलाइन निविदा क्रं. 2023_MPPHC_297043_1, 2023_MPPHC_297044_1 & 2023_MPPHC_297045_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 31.08.2023 तक खरीदकर सायं 05.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते है जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
म.प्र. माध्यम/111246/2023 **परियोजना यंत्री**
R-48911/2023

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

नोट- नीचे पद्यांशों के कुछ उदाहरण दिए हैं प्रत्येक में प्रस्फुटित होने वाले अलंकार के चार विकल्प दिए हैं, सही विकल्प का चयन कजिए।

1. जो रहीम कुलदीप की, कुल कपूत की सोय बारे उजियारो करै, बढ़े अंधेरो होय?
अ. यमक ब. श्लेष
स. उपमा द. दृष्टांत
उत्तर- ब. श्लेष अलंकार

2. कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय या खाए बौरात नर, वा पावे बौराय?
अ. रूपक ब. असंगति
स. यमक द. श्लेष
उत्तर- स. यमक अलंकार

3. हंसहि ठढाई, फुलाउबुगाल। कबहि न होई, एक संग भुआई?
अ. वक्रोक्ति
ब. विरोधाभास
स. अनुप्रास
द. उपमा
उत्तर- अ. वक्रोक्ति अलंकार

4. लाल देह लाली बसै, अरू धरि लाल लंगूर वज्र देह दानव दलन जप-जप जप कवि सूर?
अ. अनुप्रास
ब. यमक
स. पुनरुक्ति प्रकाश
द. रूपक
उत्तर- अ. अनुप्रास अलंकार

5. लाली मेरे लाल की? जित देखूं तित लाल लाली देखन मैं गई मैं भी हो गई लाल?
अ. यमक
ब. उपमा
स. अनुप्रास अलंकार
द. भीलित
उत्तर- स. अनुप्रास अलंकार

6. मेरो मन अनत कहां सुख पावै। जैसे उड़ि जहाज को पंछी फिरि जहाज पै आवे?
अ. उत्प्रेक्षा अलंकार
ब. श्लेष
स. उदाहरण
द. रूपक
उत्तर- अ. उत्प्रेक्षा अलंकार

7. अद्भुत एक अनुपम बाग। जुगल कमान पर गजबार कीडत है, ता पर सिंह करत अनुराग?
अ. छेकानुप्रास
ब. व्यक्तिरेक
स. रूपकतिशयोक्ति
द. निदर्शना
उत्तर- स. रूपकतिशयोक्ति

8. एक राम घनश्याम हित चातक तुलसीदास?
अ. रूपक ब. उत्प्रेक्षा
स. श्लेष द. यमक
उत्तर- अ. रूपक अलंकार

9. चारू चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में?
अ. उत्प्रेक्षा ब. श्लेष
स. अनुप्रास द. यमक
उत्तर- स. अनुप्रास अलंकार

10. तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है?
अ. श्लेष ब. यमक
स. अनुप्रास द. रूपक
उत्तर- ब. यमक अलंकार

11. पीपर पात सरिस मन डोला?
अ. उपमा ब. अनुप्रास
स. यमक द. उत्प्रेक्षा

12. कहती हुई मों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए, हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए?
अ. अनुप्रास ब. रूपक
स. उत्प्रेक्षा द. यमक
उत्तर- स. उत्प्रेक्षा

13. अपनी खिचड़ी अलग पकाना। मुहावरे का अर्थ है?
अ. अलग रहना
ब. स्वयं अपनी हानि करना
स. आत्मनिर्भर होना
द. स्वार्थ सिद्ध करना
उत्तर- अ. अलग रहना

14. आकाश के तारे तोड़ना?
अ. असंभव काम करना
ब. बहुत अभिमान करना
स. बहुत परिश्रम करना
द. बहुत परमार्थ करना
उत्तर- अ. असंभव काम करना

15. गिरगिट की तरह रंग बदलना?
अ. उत्साहित होना
ब. निश्चिंत होना
स. सिद्धांतहीन होना
द. अनुभवी होना
उत्तर- स. सिद्धांतहीन होना

16. पर निकलना, मुहावरे का अर्थ है?
अ. कष्ट उठाना
ब. कृतज्ञ होना
स. लज्जित होना
द. स्वच्छंद हो जाना
उत्तर- द. स्वच्छंद हो जाना

17. वेद वाक्य मानना?
अ. आदर करना ब. आरंभ करना
स. क्रोध करना द. सत्य मानना
उत्तर- द. सत्य मानना

18. मक्खियां मारना?
अ. बेकार बैठना
ब. भेद खोलना
स. भयभीत होना
द. कायरता दिखाना
उत्तर- अ. बेकार बैठना

19. हवा लगना, मुहावरे का अर्थ है?
अ. बगावत करना ब. डर जाना
स. पश्चाताप करना द. असर पड़ना
उत्तर- द. असर पड़ना

20. 'प्रजा हितैषी' के सम्पादक थे?
अ. पं. बालकृष्ण भट्ट
ब. शिवपूजन सहाय
स. बनारसी दास चतुर्वेदी
द. राजा लक्ष्मण सिंह
उत्तर- द. राजा लक्ष्मण सिंह

21. 'मर्यादा' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष है?
अ.1924 ब. 1922
स. 1923 द. 1910
उत्तर- द. 1910

22. 'चांद' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष है?
अ. 1913 ब. 1923
स. 1933 द. 1943
उत्तर- ब. 1923

23. 'हिन्दी प्रदीप' पत्रिका का प्रकाशन किस सन् में प्रारंभ हुआ था?
अ. 1884 ब. 1877
स. 1878 द. 1860
उत्तर- ब. 1877

24. छंद का सर्वप्रथम उल्लेख कहां मिलता है?
अ. उपनिषद् ब. ब्राह्मण ग्रंथ
स. ऋग्वेद द. रामायण
उत्तर- स. ऋग्वेद

25. सम मात्रिक छंद का उदाहरण है?
अ. दोहा ब. सोरठा
स. चौपाई द. ये सभी
उत्तर- स. चौपाई

26. अर्द्ध सम मात्रिक छंद है?
अ. रोला ब. दोहा
स. सोरठा द. चौपाई
उत्तर- ब. दोहा

27. छंद कितने प्रकार के होते हैं?
अ. दो ब. तीन
स. चार द. पांच
उत्तर- ब. तीन

28. 'भाव' जिसके हृदय में रहते हैं, उसे कहते हैं?
अ. आश्रय
ब. आलंबन
स. उद्दीपन
द. आलंबन/जन्य उद्दीपन
उत्तर- अ. आश्रय

29. 'स्वेद' निम्न में से क्या है?
अ. अनुभाव
ब. आलंबन
स. संचारी भाव
द. उद्दीपन विभाव
उत्तर- अ. अनुभाव

30. करूण रस का स्थायी भाव है?
अ. क्रोध ब. शोक
स. विस्मय द. उत्साह
उत्तर- ब. शोक

31. रौद्र रस का स्थायी भाव है?
अ. रति ब. शोक
स. हास द. क्रोध
उत्तर- द. क्रोध

32. जो संज्ञा किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध कराती है, उसे कहते हैं?
अ. व्यक्तिवाचक संज्ञा
ब. जाति वाचक संज्ञा
स. द्रव्य वाचक संज्ञा
द. भाव वाचक संज्ञा
उत्तर- अ. व्यक्तिवाचक संज्ञा

33. इन शब्दों में कौन सा शब्द संज्ञा है?
अ. क्रुद्ध ब. क्रोध
स. क्रोधी द. क्रोधित
उत्तर- अ. क्रुद्ध

34. इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन सा है?
अ. कपट ब. सुन्दरता
स. मूर्खता द. निंदा
उत्तर- अ. कपट

35. हिन्दी में कितने कारक माने गए हैं?
अ. 6 ब. 7
स. 8 द. 5
उत्तर- स. 8

36. हरा रूमाल में हरा किस प्रकार का विशेषण है?
अ. गुणवाचक विशेषण
ब. आकृति बोधक
स. परिमाण बोधक
द. सार्वनामिक
उत्तर- अ. गुणवाचक विशेषण

37. 'उत्कर्ष' का विशेषण होगा?
अ. अपकर्ष ब. उत्कृष्ट
स. निकृष्ट द. सत्कर्ष
उत्तर- ब. उत्कृष्ट

38. इनमें से कालवाचक विशेषण कौन सा है?
अ. यहां ब. ऐसे
स. रात भर द. बाहर
उत्तर- स. रात भर

39. व्यक्ति शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
अ. व्यक्ति ब. त्व
स. व द. तित्व
उत्तर- ब. त्व

40. 'चिकित्सक' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
अ. सक ब. क
स. अक द. त्सक
उत्तर- स. अक

41. कौन सा शब्द प्रसून का पर्यायवाची नहीं है?
अ. पादप ब. कुसुम
स. सुमन द. पुष्प
उत्तर- अ. पादप

42. 'प्रत्यक्ष' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है?
अ. प्र ब. प्रत्
स. प्रति द. प्रत्य
उत्तर- स. प्रति

43. संतोष शब्द में उपसर्ग+मूल शब्द का कौन सा रूप सही है?
अ. सम्+तोष ब. सन+तोष
स. सं+तोष द. संत+ओष
उत्तर- अ. सम्+तोष

44. 'यथामति' का सही विग्रह होगा?
अ. यथा है जो मति
ब. मति के अनुसार
स. यथा और मति
द. मति की यथा
उत्तर- ब. मति के अनुसार

45. पुरुषोत्तम समास का विग्रह होगा?
अ. पुरुष उत्तम
ब. मर्यादा पुरुष
स. उत्तम पुरुष
द. पुरुषों में उत्तम है जो
उत्तर- द. पुरुषों में उत्तम है जो

46. 'लालिमा' शब्द व्याकरण में क्या है?
अ. संज्ञा
ब. सर्वनाम
स. विशेषण
द. भाववाचक संज्ञा
उत्तर- द. भाववाचक संज्ञा

47. 'सप्ताह' शब्द से विशेषण बनेगा?
अ. सप्ता ब. सप्तावार
स. साप्ताहिक द. साप्ताकी
उत्तर- स. साप्ताहिक

48. 'दृढ़तम्' विशेषण की कौन सी अवस्था है?
अ. मूलावस्था ब. उत्तरावस्था
स. उत्तमावस्था द. निम्नावस्था
उत्तर- स. उत्तमावस्था

49. 'अचल' शब्द के लिए कौन सा शब्द पर्यायवाची है?
अ. पर्वत ब. अजित
स. पावक द. अमिय
उत्तर- अ. पर्वत

50. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द होगा?
अ. उन्नति ब. अनावृष्टि
स. शुष्क द. स्वीकृति
उत्तर- ब. अनावृष्टि

51. 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है,
अ. गगन ब. व्योम
स. अंबर द. सिंधु
उत्तर- द. सिंधु

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

मध्यप्रदेश में बनेगा उद्यानिकी फसलों के लिए मार्केटिंग बोर्ड - मुख्यमंत्री

भोपाल, कुशवाहा समाज देशभक्त और परिश्रमी समाज है। समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना है। कुशवाहा समाज भारतीय संस्कृति का रक्षक है। इसी समाज से चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जैसे रत्न निकले। फल-फूल, सब्जी के उत्पादन और व्यापार से जुड़े कुशवाहा समाज के हित में उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मार्केटिंग बोर्ड का गठन किया जाएगा, ताकि छोटे-छोटे किसानों को बिचौलियों से निजात मिल सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कुशवाहा महाकुंभ को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने सागर में लवकुश मंदिर के निर्माण एवं सामुदायिक धर्मशाला के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि का चैक कुशवाहा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. वर्मा को सौंपा। श्री चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा मध्यप्रदेश के कार्यालय के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं

- सागर में लवकुश मंदिर एवं सामुदायिक धर्मशाला का 10 करोड़ की लागत से निर्माण होगा।
- उद्यानिकी फसलों जैसे फल, फूल सब्जी आदि की बेहतर विपणन व्यवस्था के लिए पृथक उद्यानिकी फसल मार्केटिंग बोर्ड गठित किया जाएगा।
- उद्यानिकी फसलों के लिए पृथक मंडी बनाई जाएगी।

दमोह जिले के सीएम राइज विद्यालय का नामकरण महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि कुशवाहा समाज ने राष्ट्र रक्षा के लिए अमूल्य योगदान दिया है। विदेशी हमलावारों को खदेड़ने में समाज बंधुओं ने परिश्रम किया है। महात्मा ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री फुले ने स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशवाहा समाज के हित में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में कुशवाहा समाज के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं पर अमल किया गया है। सम्पूर्ण मानव समाज को ज्ञान और शिक्षा की रोशनी देने वाले समाज के महापुरुष श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले के कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रदेश की नई पीढ़ी को परिचित करवाने और उनसे प्रेरणा लेकर अपना भविष्य तय करने के लिए श्री ज्योतिबा फुले और श्रीमती सावित्री बाई फुले की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

प्र. 1 म.प्र. में निम्नलिखित में कौन सा स्थान पापियर माशे (पेपर मेश) के शिल्प में माहिर है?
अ. रीवा
ब. भिंड
स. खालियर
द. उज्जैन
उत्तर - द. उज्जैन

प्र. 2 कवि और पत्रकार बालकृष्ण शर्मा (नवीन) का जन्म म.प्र. में निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?
अ. शाजापुर
ब. धार
स. बैतूल
द. कटनी
उत्तर - अ. शाजापुर

प्र. 3 म.प्र. में रेडीमेड गारमेंट कॉम्प्लेक्स कहां स्थित है?
अ. भोपाल
ब. जबलपुर
स. इंदौर
द. ग्वालियर
उत्तर - स. इंदौर

प्र. 4 मड़ीखेड़ा बाँध म.प्र. के किस जिले में स्थित है?
अ. भोपाल
ब. शिवपुरी
स. खंडवा
द. जबलपुर
उत्तर - ब. शिवपुरी

प्र. 5 म.प्र. में उन्नत सामग्री और प्रक्रिया अनुसंधान संस्थान (एएमपीआरआई) किस वर्ष स्थापित किया गया था?
अ. 1990
ब. 1985
स. 1988
द. 1981
उत्तर - द. 1981

प्र. 6 किस नदी को म.प्र. की स्वर्ण नदी के रूप में भी जाना जाता है?
अ. सोन
ब. बेतवा
स. नर्मदा
द. केन
उत्तर - अ. सोन

प्र. 7 निम्न में से कौन-सा नृत्य पारम्परिक रूप से म.प्र. की बैगा और गोंड जनजाति की महिलाओं द्वारा किया जाता है?
अ. भगोरिया
ब. लहँगी
स. मटकी
द. रीना
उत्तर - द. रीना

प्र. 8 म.प्र. प्लास्टिक पार्क डेवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड किस स्थान पर स्थित है?
अ. जैतहरी
ब. पुष्पराजगढ़
स. पीथमपुर
द. मुरैना
उत्तर - ब. पुष्पराजगढ़ (अनूपपुर)

प्र. 9 निम्नलिखित में से किस नदी के नाम पर एक भारतीय नौसेना पोत का नामकरण हुआ है?
अ. सोन
ब. केन
स. माही
द. बेतवा
उत्तर - द. बेतवा

प्र. 10 बावनगजा, जो एक महत्वपूर्ण जैन तीर्थ स्थान है, म.प्र. के किस जिले में स्थित है?
अ. रीवा
ब. बड़वानी
स. बुरहानपुर
द. बालाघाट
उत्तर - ब. बड़वानी

प्र. 11 ''टाइम बैंक'' की अवधारणा रखने वाला भारत का पहला राज्य कौन सा है?
अ. कर्नाटक
ब. हिमाचल प्रदेश
स. गुजरात
द. मध्यप्रदेश
उत्तर - द. मध्यप्रदेश

प्र. 12 म.प्र. का कौन सा शहर कोविड-19 के समय से शहर को सैनेटाइज करने वाला भारत का पहला शहर बन गया?
अ. भोपाल
ब. इंदौर
स. जबलपुर
द. ग्वालियर
उत्तर - ब. इंदौर

प्र. 13 म.प्र. में एस्सार महान पॉवर प्लांट निम्न में से किस जिले में स्थित है?
अ. कटनी ब. सिंगरौली
स. सतना द. धार
उत्तर - ब. सिंगरौली

प्र. 14 धूपगढ़ या धूपगढ़ पर्वत श्रृंखला, म.प्र. के निम्नलिखित में से किस पर्वतीय स्थल पर स्थित है?
अ. माण्डू ब. बीजागढ़
स. पचमढ़ी द. बुरहानपुर
उत्तर - स. पचमढ़ी

प्र. 15 म.प्र. में मुख्यमंत्री कन्या निकाह/विवाह योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?
अ. 2015 ब. 2006
स. 2010 द. 2018
उत्तर - ब. 2006

प्र. 16 म.प्र. में मिर्च महोत्सव (चिली फेस्टिवल) का आयोजन किस शहर में किया गया है?
अ. सतना ब. कटनी
स. खरगोन द. धार
उत्तर - स. खरगोन

प्र. 17 अगस्त 2020 में ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस-वे को निम्न में से किस नेता के नाम पर प्रस्तावित किया गया था?
अ. अटल बिहारी वाजपेयी
ब. बी.आर. अम्बेडकर
स. अमित शाह
द. नरेन्द्र मोदी
उत्तर - अ. अटल बिहारी वाजपेयी

प्र. 18 म.प्र. में उन्नत सामग्री और प्रक्रिया अनुसंधान संस्थान (एएमपीआरआई) का प्रधान कार्यालय कहाँ स्थित है?
अ. इंदौर
ब. ग्वालियर
स. जबलपुर
द. भोपाल
उत्तर - द. भोपाल

प्र. 19 म.प्र. में आदमगढ़ पहाड़ी कहाँ स्थित है?
अ. सतना
ब. सतपुड़ा
स. धार
द. नर्मदापुरम
उत्तर - द. नर्मदापुरम

प्र. 20 म.प्र. सरकार द्वारा महिलाओं को अगस्त 2020 में घर पर मास्क बनाकर कमाने के लिये शुरू की गई योजना का नाम क्या है?
अ. महिला मास्क वितरण योजना
ब. मास्क पहनो योजना
स. महिला सशक्ति योजना
द. जीवन शक्ति योजना
उत्तर - द. जीवन शक्ति योजना

प्र. 21 म.प्र. पर्यटन बोर्ड की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
अ. 2017
ब. 2010
स. 2015
द. 2018
उत्तर - अ. 2017

प्र. 22 म.प्र. के भिंड जिले में स्थित बनखंडेश्वर मंदिर निम्न में से किसके द्वारा बनाया गया था?
अ. पृथ्वीराज चौहान
ब. अशोक
स. चंद्रगुप्त मौर्य
द. राजा भोज
उत्तर - अ. पृथ्वीराज चौहान

प्र. 23 गांगुलपारा बाँध और जलप्रपात म.प्र. के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?
अ. बैतूल ब. ग्वालियर
स. भिंड द. बालाघाट
उत्तर - द. बालाघाट

प्र. 24 म.प्र. में कौन सा जिला पहला जिला बना जहाँ महिलाओं ने मई 2019 में मतगणना का पूरा काम संभाला?
अ. कटनी ब. सतना
स. धार द. हरदा
उत्तर - द. हरदा

प्र. 25 ''मध्यप्रदेश : अनहरीड, अनस्पॉइल्ट, अनडिस्कवर्ड'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
अ. आदर्श दुबे
ब. प्रोबीर सेन
स. अतुल कुमार
द. अथर्व राज यादव
उत्तर - ब. प्रोबीर सेन

प्र. 26 गोहद का किला म.प्र. के किस जिले में स्थित है?
अ. भिंड
ब. ग्वालियर
स. भोपाल
द. बैतूल
उत्तर - अ. भिंड

प्र. 27 म.प्र. औद्योगिक विकास निगम का प्रधान कार्यालय कहाँ स्थित है?
अ. ग्वालियर
ब. इंदौर
स. भोपाल
द. जबलपुर
उत्तर - स. भोपाल

प्र. 28 बागेश्वरी देवी का मेला म.प्र. के किस स्थान पर आयोजित किया जाता है?
अ. चंदेरी
ब. रीवा
स. निमाड़
द. मुरैना
उत्तर - अ. चंदेरी

प्र. 29 एमआरपी का पूर्ण रूप क्या है?
अ. मिनिमम रिटेल प्राइस
ब. मैक्सिमम रिटेल प्राइस
स. मैक्सिमम रेट ऑफ प्रॉफिट
द. मिनिमन रेट ऑफ प्रॉफिट
उत्तर - ब. मैक्सिमम रिटेल प्राइस

प्र. 30 HTML का क्या उपयोग है?
अ. फ्रेम लिखने के लिये
ब. वेब पेज फार्मेट करने के लिये
स. सॉफ्टवेयर विकसित करना
द. ऑपरेटिंग सिस्टम विकसित करना
उत्तर - ब. वेब पेज फार्मेट करने के लिये

प्र. 31 BIOS का प्रयोग किसके द्वारा किया जाता है?
अ. हॉर्डवेयर
ब. माइक्रोप्रोसेसर
स. ऑपरेटिंग सिस्टम
द. आउटपुट डिवाइस
उत्तर - ब. माइक्रोप्रोसेसर

प्र. 32 फ्लॉपी डिस्क में डेटा का संग्रह किस प्रकार किया जाता है?
अ. चक्रण (सर्किट)
ब. चुम्बकत्व
स. लेजर बबल्स
द. इंक
उत्तर - ब. चुम्बकत्व

प्र. 33 माइक्रोसॉफ्ट ने 1985 में अपना पहला GUI आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम जारी किया?
अ. DOS ब. विंडो 1.0
स. विंडो XP द. विंडो 7
उत्तर - ब. विंडो 1.0

प्र. 34 एक ..... वर्ल्ड वाइड वेब पर जानकारी का एक एकल पृष्ठ है?
अ. वेबपेज ब. होमपेज
स. डॉकपेज द. टाइटल पेज
उत्तर - अ. वेबपेज

प्र. 35 जब कम्प्यूटर बूट किया जाता है और ग्राफिकल यूजर इंटरफेस लोड करता है तो कौन सा टास्क रन करता है?
अ. डेस्कटॉप मैनेजर
ब. ऑथेंटिकेशन
स. फाइल मैनेजर
द. विंडोज एक्सप्लोरर
उत्तर - ब. ऑथेंटिकेशन

प्र. 36 पॉवर पॉइंट में फॉन्ट आकार बनाने के लिये किस शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है?
अ. ctrl + shift + F1
ब. ctrl + shift + "+"
स. ctrl + shift + >
द. ctrl + shift + <
उत्तर - स. ctrl + shift + >

प्र. 37 इनमें से कौन सा वर्तमान में लोकप्रिय यूएसबी फ्लैश ड्राइव पोर्टेबल उपकरण है?
अ. सीडी ब. डीवीडी
स. पेनड्राइव द. फ्लॉपी ड्राइव
उत्तर - स. पेनड्राइव

प्र. 38 कम्प्यूटर को इंटरनेट से जोड़ने के लिये किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
अ. केबल ब. बस कार्ड
स. पोर्ट द. मॉडेम
उत्तर - द. मॉडेम

प्र. 39 निम्न में से क्या वॉइसओवर आईपी का एक उदाहरण है ?
अ. G-टॉक ब. व्हाट्सएप
स. टेलीग्राम द. याहू
उत्तर - ब. व्हाट्सएप

प्र. 40 डॉस DOS ऑपरेटिंग सिस्टम का पूर्ण रूप क्या है?
अ. डिस्क ऑब्जेक्ट सिस्टम
ब. डिस्क ओपन स्टेट
स. डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम
द. डेटा ऑपरेटिंग सिस्टम
उत्तर - स. डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम

प्र. 41 उस वायसरॉय का नाम बताइये, जिसने 1929 में भारत के लिये 'प्रभुत्व का दर्जा या डोमिनियन स्टेट्स' देने की घोषणा की थी?
अ. चार्ल्स बुड
ब. लॉर्ड इरविन
स. क्लीमेंट एटली
द. लॉर्ड हार्डिंग
उत्तर - ब. लॉर्ड इरविन

प्र. 42 नीरज मिश्रा को किस वर्ष में अशोक चक्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
अ. 1968 ब. 1987
स. 2001 द. 2008
उत्तर - ब. 1987

प्र. 43 भारत में किस राज्य में प्रति व्यक्ति आय सबसे अधिक है?
अ. पश्चिम बंगाल
ब. गुजरात
स. पंजाब
द. गोवा
उत्तर - द. गोवा

प्र. 44 राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के निम्नलिखित उपन्यासों में से किसका एक हिस्सा है?
अ. राजसिम्हा
ब. आनंदमठ
स. बंकिम रचनावली
द. कपालकुंडला
उत्तर - ब. आनंदमठ

प्र. 45 लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे, जिन्होंने 1929 में 'पूर्ण स्वराज' की मांग को औपचारिक रूप दिया?
अ. गोपाल कृष्ण गोखले
ब. जवाहरलाल नेहरू
स. बदरुद्दीन तैयबजी
द. महात्मा गाँधी
उत्तर - ब. जवाहरलाल नेहरू

प्र. 46 गोवा को एक राज्य का दर्जा किस वर्ष में दिया गया?
अ. 1987 ब. 1986
स. 1962 द. 1960
उत्तर - अ. 1987

प्र. 47 भारतीय अर्थव्यवस्था को निम्न रूप में जाना जा सकता है?
अ. विकसित अर्थव्यवस्था
ब. पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था
स. कम विकसित अर्थव्यवस्था
द. विकासशील अर्थव्यवस्था
उत्तर - द. विकासशील अर्थव्यवस्था

प्र. 48 थार मरुस्थल ..... पर्वतमाला (रेंज) के उत्तर-पश्चिम में स्थित है?
अ. शिवालिक
ब. वृहद हिमालय
स. अरावली
द. पूर्वांचल
उत्तर - स. अरावली

प्र. 49 नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान भारत के किस शहर में स्थित है?
अ. बेंगलुरू ब. नई दिल्ली
स. महाराष्ट्र द. पटियाला
उत्तर - द. पटियाला

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान

1. अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (एआरएचसी) के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन सत्य है -
अ) यह योजना 'प्रधानमंत्री आवास योजना' शहरी की एक उपयोजना है।
ब) यह योजना आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
स) यह योजना मौजूदा सरकार द्वारा वित्त पोषित खाली घरों का उपयोग करने पर केन्द्रित है।
द) उपरोक्त सभी।
उत्तर- (द)

2. मौद्रिक नीति समीति के अध्यक्ष होते हैं -
अ) भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर
ब) केन्द्रीय वित्त मंत्री
स) सरकार द्वारा नामांकित व्यक्ति
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ)

3. 'वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्टस रिपोर्ट कौन प्रकाशित करता है -
अ) संयुक्त राष्ट्र
ब) विश्व आर्थिक मंच
स) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
द) भारत सरकार
उत्तर- (अ)

4. निम्न में से किस संगठन ने इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2022 प्रकाशित की है -
अ) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय
ब) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स) व्ही-बॉक्स इंस्टीट्यूशन
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स)

5. औस और अमन किसके नाम हैं -
अ) ग्लेशियर
ब) चावल की फसल
स) गेहूं की फसल
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर -(ब)
व्याख्या - उपरोक्त दोनों चावल की विभिन्न किस्में हैं, जो असम और पश्चिम बंगाल में उगाई जाती हैं।

6. 'बिम्सटेक' के संबंध में सत्य कथन बताइये -
अ) यह सात दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है
ब) सभी सदस्य देश बंगाल की खाड़ी के साथ सीमाएं बनाते हैं
स) यह केवल दक्षिण एशियाई देशों का अंतर्राष्ट्रीय संगठन है
द) उपरोक्त सभी सत्य हैं।
उत्तर - (अ)

7. प्राप्ति पोर्टल किसके द्वारा लॉन्च किया गया है -
अ) खेल मंत्रालय
ब) बिजली मंत्रालय
स) रेल मंत्रालय
द) गृह मंत्रालय
उत्तर - (ब)

8. संसदीय विशेषाधिकार का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है -
अ) 105
ब) 194
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स)

9. पोषण अभियान किस मंत्रालय से संबंधित कार्यक्रम है -
अ) वित्त मंत्रालय
ब) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
स) सामाजिक सुधार मंत्रालय
द) उपभोक्ता मामले मंत्रालय
उत्तर- (ब)
व्याख्या - यह अभियान बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिये पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने के लिये है। इसका उद्देश्य कुपोषण मुक्त भारत की प्राप्ति सुनिश्चित करना है।

10. 'उदय योजना' के बारे में असत्य कथन बताइये -
अ) यह राज्य सरकारों को, जिनके पास DISCOM का स्वामित्व है। अपने ऋण का 75 प्रतिशत से अधिक लेने और बॉन्डों को बेचकर ऋणदाताओं का भुगतान करने की अनुमति देता है।
ब) यह योजना केवल राज्य के स्वामित्व वाली DISCOMS पर लागू होती है।
स) राज्यों को शामिल होने के लिये यह योजना वैकल्पिक है।
द) राज्यों के राजकोषीय घाटे की गणना के लिये ऋण को सम्मिलित किया जाता है।
उत्तर - (द)

11. देश की पहली सेमीकंडक्टर पॉलिसी किस राज्य ने लॉन्च की है -
अ) मध्यप्रदेश ब) गुजरात
स) महाराष्ट्र द) बिहार
उत्तर - (ब)

12. अभियंता दिवस यानी इंजीनियर्स डे कब मनाया जाता है -
अ) 15 मार्च ब) 15 जुलाई
स) 15 सितम्बर द) 15 अक्टूबर
उत्तर - (स)
व्याख्या - इस दिन महान अभियंता और भारत रत्न एम. विश्वेसवैरया का जन्मदिवस है।

13. 'सागर मंथन', जो कि एक रियल टाइम प्रदर्शन निगरानी डैशबोर्ड है। किस मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है -
अ) पर्यटन
ब) बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग
स) सड़क परिवहन
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब)
व्याख्या - इस डिजिटल प्लेटफार्म को मंत्रालय और अन्य सहायक कंपनियों से संबंधित सभी एकीकृत डेटा को स्टोर करने के लिये डिजाइन किया गया है।

14. कृषि के क्षेत्र में लॉन्च किये गये भारत के पहले एआई चैटबॉट का क्या नाम है -
अ) अमा क्रुशाई
ब) भीम जीपीटी
स) चैट जीपीटी
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)
व्याख्या - ओडिशा में इसे लॉन्च किया गया है। यह चैटबॉट किसानों को बेहतरीन कृषि पद्धतियों के बारे में अपडेट करेगा तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा।

15. निम्नलिखित में से किस राज्य ने हाल ही में 'लाड़ली बहना योजना' प्रारंभ की है -
अ) मध्यप्रदेश ब) उत्तरप्रदेश
स) महाराष्ट्र द) गुजरात
उत्तर - (अ)
व्याख्या - इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाना है।

16. सबसे अधिक बांध किस राज्य में हैं -
अ) महाराष्ट्र ब) गुजरात
स) मध्यप्रदेश द) ओडिशा
उत्तर - (अ)
व्याख्या - महाराष्ट्र में 2394 बांध हैं जो कि भारत में मौजूद 5334 बड़े बांधों में सर्वाधिक हैं। मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है।

17. सभी आदिवासी लोगों को बुनियादी दस्तावेज देने वाला देश का पहला जिला कौनसा है -
अ) बैतूल (मध्यप्रदेश)
ब) वायनाड (केरल)
स) सोलापुर (महाराष्ट्र)
द) बड़ौदा (गुजरात)
उत्तर - (ब)
व्याख्या - वायनाड में जिला प्रशासन ने आदिवासियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, चुनाव पहचान पत्र, बैंक खाते, स्वास्थ्य बीमा जैसी बुनियादी सुविधायें प्रदान कर दी हैं।

18. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-ऑयल पाम (एन एम ई ओ - ओपी) जो कि केन्द्र प्रायोजित योजना है, कब प्रारंभ हुआ -
अ) 2020 ब) 2023
स) 2021 द) 2022
उत्तर - (स)
व्याख्या - ऑयल पाम क्षेत्र के विस्तार और खाद्य तेलों पर आयात बोझ को कम करने के लिये इसे प्रारंभ किया गया है।

19. 'YUVAI' यूथ फॉर उन्नति और विकास विद एआई' किस मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है -
अ) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
ब) युवा मंत्रालय
स) मानव संसाधन मंत्रालय
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)

20. भारत में श्वेत क्रांति का प्रथम चरण कब प्रारंभ हुआ था -
अ) 1965 ब) 1970
स) 1975 द) 1980
उत्तर - (ब)

21. प्रथम वित्त आयोग का गठन कब किया गया था -
अ) 1950 ब) 1951
स) 1955 द) 1960
उत्तर - (ब)

22. विश्व व्यापार संगठन का गठन कब हुआ -
अ) 1950 ब) 1955
स) 1960 द) 1991
उत्तर - (ब)

23. किस अनुच्छेद के तहत भारत में वित्त आयोग का गठन किया जाता है -
अ) 121 ब) 155
स) 280 द) 346
उत्तर - (स)

24. जिस दर पर व्यावसायिक बैंक/ भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण लेते हैं, कहलाती है -
अ) रेपो दर ब) रिवर्स रेपो दर
स) एसएलआर द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ)

25. अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक का अन्य नाम है -
अ) विश्व बैंक
ब) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)

26. म्युचुअल फंड आरंभ करने वाला प्रथम बैंक है -
अ) बैंक ऑफ इंडिया
ब) भारतीय स्टेट बैंक
स) बैंक ऑफ बड़ौदा
द) सेन्ट्रल बैंक
उत्तर - (ब)

27. वर्तमान में देश के सबसे बड़े सेवा केन्द्र के रूप में अग्रणी कौनसा राज्य है -
अ) महाराष्ट्र ब) गुजरात
स) कर्नाटक द) आंध्रप्रदेश
उत्तर - (अ)

28. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे बड़े विनिर्माण केन्द्र के रूप में कौनसा राज्य है -
अ) महाराष्ट्र ब) गुजरात
स) कर्नाटक द) आंध्रप्रदेश
उत्तर - (ब)

29. एक प्रगतिशील कर होता है, जिसमें -
अ) कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर बढ़ जाती है।
ब) कर योग्य राशि बढ़ने पर कर की दर कम हो जाती है।
स) आय पर समान कर लगता है।
द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर - (अ)

30. जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974 के तहत निम्नलिखित में से किस संगठन का गठन किया गया है -
अ) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
ब) केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ)
व्याख्या - इसका गठन 1974 में किया गया था।

31. कॉपरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को कानूनी रूप से अनिवार्य करने वाला भारत कौनसा देश है -
अ) पहला ब) दूसरा
स) तीसरा द) चौथा
उत्तर - (अ)

32. रिमोट इलेक्ट्रॉनिक्स वोटिंग मशीन 'REVM' किसके लिये उपयोग किया जाना प्रस्तावित है -
अ) वृद्धजन
ब) ग्रामीण क्षेत्र
स) प्रवासी भारतीय
द) महिलायें
उत्तर - (स)

33. राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य, जिसमें घड़ियाल मुख्य रूप से पाया जाता है, किस/किन राज्यों में फैला हुआ है -
अ) मध्यप्रदेश ब) राजस्थान
स) उत्तरप्रदेश द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द)
व्याख्या - यह चंबल नदी के किनारे स्थित है।

34. संविधान की कौनसी अनुसूची जनजातीय लोगों की भूमि के हस्तांतरण को निजी व्यक्तियों को करने को अवैध घोषित करने का प्रावधान करती है -
अ) पहली ब) पांचवीं
स) सातवीं द) नवीं
उत्तर - (ब)

35. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) की स्थापना कब की गई थी -
अ) 1960 ब) 1962
स) 1965 द) 1970
उत्तर - (अ)
व्याख्या - ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला द्वारा इसकी स्थापना की गई है। OPEC विश्व के कच्चे तेल का लगभग 40% उत्पादन करता है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

मध्यप्रदेश निपुण भारत मिशन में युवाओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा कि, हमें प्रदेश में ऐसी शिक्षा व्यवस्था तैयार करना है जो दीर्घगामी हो और आगामी लम्बे समय तक निरन्तर रहे। इसलिए भविष्य की आवश्यकताओं के आकलन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के दृष्टिगत एक ठोस शैक्षिक व्यवस्था के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चों द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'निपुण भारत मिशन' पूरे देश में चलाया जा रहा है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये 2021 में मिशन अंकुर प्रारंभ किया गया है। मैदानी स्तर पर मिशन अंकुर के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रतिष्ठित संस्थान टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई के सहयोग से मध्यप्रदेश निपुण प्रोफेशनल्स कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। प्रत्येक जिले में एक-एक युवा को संबंधित जिला प्रशासन को मिशन अंकुर के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए हजारों की संख्या में युवाओं के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 52 युवा और उत्साही प्रोफेशनल्स का चयन किया गया है। चयनित युवा कार्यक्रम क्रियान्वयन और निगरानी में डेटा-आधारित निर्णय लेने, सिस्टम क्षमताओं को बढ़ाने और धरातल पर काम की निरंतरता में जिला प्रशासन को सहायता प्रदान करेंगे।

भारत मंडपम्

नए भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह-सम्मेलन केंद्र (IECC : Exhibition-cum-Convention Centre) परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए एक विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण ने प्रगति मैदान में अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) की संकल्पना को जन्म दिया। इस परियोजना के तहत प्रगति मैदान में पुरानी और जर्जर हो चुकी सुविधाओं का नवीनीकरण किया गया है और उन्हें करीब 2,700 करोड़ रुपये की लागत से एक राष्ट्रीय परियोजना के तौर पर विकसित किया गया है। प्रगति मैदान में नव विकसित आईईसीसी कॉम्प्लेक्स में कन्वेंशन सेंटर, एग्जिबिशन हॉल और एम्फीथिएटर आदि तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परिसर का नाम 'भारत मंडपम' रखा गया है।

लगभग 123 एकड़ के परिसर क्षेत्र के साथ, आईईसीसी कॉम्प्लेक्स को भारत के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां) गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है। आयोजनों के लिए उपलब्ध स्थान के संदर्भ में, आईईसीसी कॉम्प्लेक्स का दुनिया के शीर्ष प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में प्रथम स्थान है। इसके भव्य बहुउद्देश्यीय हॉल और प्लेनरी हॉल की संयुक्त क्षमता सात हजार लोगों की है जो ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध सिडनी ओपेरा हाउस की बैठने की क्षमता से भी बड़ी है।

क्या सुविधाएं हैं इस परिसर में?

प्रगति मैदान में नव विकसित आईईसीसी कॉम्प्लेक्स में कन्वेंशन सेंटर, प्रदर्शनी हॉल, एम्फीथिएटर आदि सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। इसका शानदार एम्फीथिएटर 3,000 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता से सुसज्जित है। कन्वेंशन सेंटर की विभिन्न दीवारें और अग्रभाग भारत की पारंपरिक कला और संस्कृति के कई तत्वों को दर्शाते हैं।

सम्मेलन केंद्र में उपलब्ध अन्य सुविधाओं में 5जी-सक्षम वाई-फाई से पूरी तरह से कवर किया गया परिसर, 10जी इंट्रानेट कनेक्टिविटी, 16 विभिन्न भाषाओं की सहायता करने के लिए अत्याधुनिक अनुवादक कक्ष, विशाल आकार की वीडियो दीवारों के साथ उन्नत एवी प्रणाली, अधिकतम कार्यक्षमता और ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने वाली भवन प्रबंधन प्रणाली, डिमिंग और ऑक्यूपेंसी सेंसर के साथ प्रकाश प्रबंधन प्रणाली, अत्याधुनिक डीसीएन (डेटा संचार नेटवर्क) प्रणाली, समेकित निगरानी प्रणाली और ऊर्जा-दक्ष केंद्रीकृत वातानुकूल प्रणाली शामिल हैं।

आईईसीसी कॉम्प्लेक्स में कुल सात प्रदर्शनी हॉल हैं, जिनमें से प्रत्येक हाल प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और व्यावसायिक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए एक बहुमुखी स्थान है। प्रदर्शनी हॉल विभिन्न प्रकार के उद्योगों को समायोजित करने और दुनिया भर के उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये अत्याधुनिक संरचनाएं आधुनिक इंजीनियरिंग और वास्तुशिल्प कौशल पर आधारित है।

भारतीय परंपराओं से प्रेरित है वास्तुशिल्प डिजाइन

इस कन्वेंशन सेंटर भवन का वास्तुशिल्प भारतीय परंपराओं से प्रेरित है। यह आधुनिक सुविधाओं और जीवन-शैली को अपनाने के साथ-साथ भारत के आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के अतित को भी दर्शाता है। यह इमारत शंख के आकार की है और कन्वेंशन सेंटर की विभिन्न दीवारें और अग्रभाग भारत की पारंपरिक कला और संस्कृति के कई तत्वों को दर्शाते हैं,

जिनमें 'सूर्य शक्ति', सौर ऊर्जा के दोहन में भारत के प्रयासों को उजागर करना, 'जीरो टू इससरो', अंतरिक्ष में हमारी उपलब्धियों का जश्न मनाना, पंच महाभूत- आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी आदि व्यापक नींव के निर्माण खंडों को दर्शाता है। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न पेंटिंग और जनजातीय कला विभिन्न रूपों में कन्वेंशन सेंटर की शोभा बढ़ाते हैं। आईईसीसी के बाहरी क्षेत्र का विकास भी सोच-समझकर किया गया है जो मुख्य परिसर की सुंदरता को बढ़ाता है। साथ ही यह सावधानीपूर्वक तैयार की गई योजना और विकास का प्रमाण भी है। यहां स्थापित की गई मूर्तियां एवं भित्ति चित्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हैं। संगीतमय फव्वारे आकर्षण और रोमांच पैदा करते हैं। तालाब, झील एवं कृत्रिम जलधाराएं आदि इस क्षेत्र के सौंदर्य को बढ़ाती हैं।

सिग्नल-मुक्त सड़कें और हजारों वाहन की पार्किंग की व्यवस्था

आईईसीसी में आगंतुकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए 5 हजार 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग के लिए जगह बनाई गई है। आगंतुक बिना किसी कठिनाई के कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकें इसके लिए सिग्नल-मुक्त सड़कें तैयार की गई हैं। इसके अतिरिक्त, समग्र डिजाइन उपस्थित लोगों के आराम और सुविधा को प्राथमिकता देता है, जिससे आईईसीसी परिसर के भीतर निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलती है।

वैश्विक व्यापार गंतव्य के रूप में भारत को मिलेगा बढ़ावा

प्रगति मैदान में नए आईईसीसी परिसर के विकास से भारत को वैश्विक व्यापार गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी। यह व्यापार और वाणिज्य को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। यह छोटे और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके उनकी वृद्धि में सहायता करेगा। यह ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा भी प्रदान करेगा और सर्वोत्तम प्रथाओं, प्रौद्योगिकीय उन्नतियों तथा उद्योग के रुझानों के प्रसार को भी प्रोत्साहित करेगा। प्रगति मैदान में आईईसीसी आत्मनिर्भर भारत की भावना के साथ भारत की आर्थिक और प्रौद्योगिकीय उत्कृष्टता की खोज का प्रतीक है। जो नए भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम है।

'अनुभव मंडप' से प्रेरित होकर दिया 'भारत मंडपम्' नाम

हाल ही में आईईसीसी परिसर के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि 'भारत मंडपम' नाम के पीछे की प्रेरणा भगवान बशवेश्वर का 'अनुभव मंडपम्' है। उन्होंने कहा कि अनुभव मंडपम परिचर्चा एवं अभिव्यक्ति की परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है। जब यहां जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा तो पूरी दुनिया भारत के बढ़ते हुए कदम और भारत का बढ़ता हुआ कद देखेगी।

बता दें कि 12वीं शताब्दी में बसवेश्वर द्वारा बसवकल्याण में स्थापित 'अनुभव मंडप' को प्रायः विश्व की पहली संसद के रूप में संदर्भित किया जाता है। 'अनुभव मंडप' में विभिन्न दार्शनिकों और समाज सुधारकों द्वारा वाद-विवाद किया जाता था।

अन्य महत्वपूर्ण कन्वेंशन सेंटर

- आईईसीसी का पूरा नाम इंटरनेशनल एग्जिबिशन कम कन्वेंशन सेंटर है। यह भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) परिसर का पुनर्विकसित स्वरूप है।
- ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर (BCC) मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में स्थित है। यह मध्यभारत का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर है, जो कि लगभग एक लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। यहां 20 लोगों की बैठक से लेकर 5 हजार प्रतिनिधियों का सम्मेलन या अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। यहां 108 भव्य कमरे हैं। यहां प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े आयोजन किए जा चुके हैं।
- कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर मध्यप्रदेश के भोपाल में स्थित है, पहले इसे मिंटो हाल के नाम से जाना जाता था। इस इमारत की आधारशिला नवंबर 1909 में रखी गई थी, इस हेरिटेज बिल्डिंग के वास्तुकार एसी रोवन थे। आगे चलकर इस विरासत की मौलिकता से छेड़छाड़ किए बिना इसे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर के रूप में पुनर्निर्मित किया गया। अब यहां बड़े-बड़े सम्मेलन और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इस भवन में 2 बैठक कक्ष, दो समिति कक्ष, एक बोर्डरूम और एक मीडिया केंद्र भी है। इसके साथ ही इस इमारत की छत पर बने रेस्तरां से कोई भी शहर की जीवंत सुंदरता का आनंद ले सकता है। क्लासिक रेस्टो की थीम पर तैयार किए गए इस रेस्तरां का नाम '1909- द क्राउन ऑफ भोपाल' है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये - सामान्य ज्ञान खेल

1. सबसे ज्यादा बार ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित हुए हैं?
(अ) जापान (ब) अमेरिका
(स) जर्मनी (द) चीन

2. इनमें से किस टेनिस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार इंटैलियन ओपन जीता है?
(अ) रॉड लेवर (ब) राफेल नडाल
(स) एंडी मरे (द) निक किर्गियोस

3. हाल ही में इनमें से किस महिला क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाया है?
(अ) एलिस पेरी
(ब) टैमी ब्यूमोंट
(स) एनाबेल सदरलैंड
(द) बैथ मूनी

4. ऑस्ट्रेलिया के अलावा टिम डेविड किस देश के लिए क्रिकेट खेल चुके हैं?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) इंग्लैंड
(स) सिंगापुर (द) मलेशिया

5. वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने नॉटिंघम ओपन का खिताब जीता था?
(अ) रोजर फेडरर (ब) आंद्रे रूबलेव
(स) मारिन सिलिक (द) डेन इवांस

6. टेस्ट क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) हाशिम आमला
(स) मोहम्मद यूसुफ
(द) केन विलियमसन

7. इस वर्ष किस कार रेसर ने ऑस्ट्रियन ग्रांप्री फॉर्मूला वन रेस जीती है?
(अ) लेंडो नॉरिस (ब) मैक्स वर्स्टापेन
(स) लांस स्ट्रॉल (द) चार्ल्स लेकलर्क

8. कैरोलिना गार्सिया किस देश की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) फ्रांस (ब) कनाडा
(स) स्विटजरलैंड (द) चेक गणराज्य

9. वर्ष 2022 में किस देश ने आईसीसी टी 20 क्रिकेट वर्ल्डकप जीता है?
(अ) वेस्टइंडीज (ब) श्रीलंका
(स) न्यूजीलैंड (द) इंग्लैंड

10. टोक्यो ओलिंपिक 2020 में किस देश ने बास्केटबॉल में पुरुष स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) अमेरिका (ब) लात्विया
(स) जापान (द) ऑस्ट्रेलिया

11. लंदन ओलिंपिक 2012 में किस देश ने पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) नीदरलैंड (ब) जर्मनी
(स) अर्जेंटीना (द) स्पेन

12. हाल ही में किस देश ने पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप जीता है?
(अ) मलेशिया (ब) पाकिस्तान
(स) भारत (द) द. कोरिया

13. स्ट्रैट फ्रॉम द हार्ट किस पूर्व भारतीय क्रिकेटर की ऑटोबायोग्राफी का नाम है?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) युवराज सिंह
(स) सौरव गांगुली (द) कपिल देव

14. इस वर्ष मैड्रिड ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?
(अ) जेनिक सिनर
(ब) डोमिनिक थिएम
(स) कार्लोस अलकाराज
(द) डेनिल मेदवेदेव

15. इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 600 से ज्यादा विकेट हासिल किए हैं?
(अ) स्टुअर्ट ब्रॉड
(ब) रविचंद्रन अश्विन
(स) नाथन लियोन
(द) डेल स्टेन

16. इस वर्ष किस क्लब ने यूएफा चैम्पियन लीग का खिताब जीता है?
(अ) रियल मैड्रिड (ब) इंटर मिलान
(स) बायर्न म्युनिख
(द) मेनचेस्टर सिटी

17. ब्रायन लारा ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाये हैं?
(अ) 31 (ब) 32
(स) 34 (द) 37

18. हाल ही में इनमें से किस खिलाड़ी ने एशियन कॉन्टिनेंटल चेस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) मेरी एन गोम्स
(ब) दिव्या देशमुख
(स) जेनिया बालाबायेवा
(द) इनमें से कोई नहीं

19. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी बैडमिंटन से संबंधित नहीं है?
(अ) शिव थापा
(ब) चिराग शेट्टी
(स) समीर वर्मा
(द) किदांबी श्रीकांत

20. फुटबॉल क्लब बेनफिका किस देश का लोकप्रिय क्लब है।
(अ) जर्मनी (ब) पुर्तगाल
(स) स्पेन (द) अर्जेंटीना

21. भारत ने किस वर्ष पहली बार एशियाई खेलों में फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) वर्ष 1951 (ब) वर्ष 1954
(स) वर्ष 1958
(द) इनमें से कोई नहीं

22. इस वर्ष मैक्सिकन ओपन का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता है?
(अ) टेलर फ्रिट्ज (ब) कैमरन नॉरी
(स) निक किर्गियोस
(द) एलेक्स डि मिनॉर

23. वर्ष 1987 में किस देश ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप जीता था?
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) वेस्टइंडीज

24. राफेल नडाल ने किस ओलिंपिक में पुरुष टेनिस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) लंदन 2012
(ब) बीजिंग 2008
(स) टोक्यो 2020
(द) इनमें से कोई नहीं

25. अर्जेंटीना ने किस वर्ष पहली बार फीफा वर्ल्डकप का खिताब जीता था?
(अ) वर्ष 1978 (ब) वर्ष 1982
(स) वर्ष 1986 (द) वर्ष 1994

उत्तर

1. (ब), 2. (ब), 3. (ब), 4. (स), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (स), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (ब), 21.(अ), 22. (द), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

बीसीसीआई ने जारी किया घरेलू क्रिकेट कार्यक्रम

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के वर्ष 2023-24 के लिए घरेलू सत्र का कार्यक्रम घोषित किया है। भारतीय टीम घरेलू सत्र 2023-24 में कुल 5 टेस्ट, 3 वन-डे और 8 ट्वेंटी-20 मैच सहित कुल 16 मैच खेलेगी, इनमें आईसीसी वन-डे विश्वकप के मैच शामिल नहीं हैं। बीसीसीआई ने बताया कि भारत के घरेलू सत्र की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वन-डे सीरीज से होगी। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर-दिसम्बर 2023 में 5 मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद भारतीय टीम जनवरी 2024 में अफगानिस्तान से 3 मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलेगी और जनवरी से मार्च माह तक 5 टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगी।

राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाड़ियों को एकलव्य और 10 को विक्रम पुरस्कार

भोपाल, खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की है। श्रीमती सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2022 के लिए 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार, 10 को विक्रम, एक प्रशिक्षक को विश्वामित्र तथा एक खेल हस्ती को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 तक एकलव्य पुरस्कार विजेता को 25 हजार रुपये और विक्रम, विश्वामित्र और लाइफ टाइम अवॉर्ड के विजेताओं को 50 हजार रुपये की राशि दी जाती थी। वर्ष 2021 से सभी पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया। अब एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को एक लाख रुपये और शेष को दो लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाती है। वर्ष 2013 से पारंपरिक खेल मलखंब में उत्कृष्टता के लिए स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार प्रारंभ किया गया, जिसमें विजेताओं को दो लाख रुपये की राशि से सम्मानित किया जाता है।

एकलव्य पुरस्कार

वर्ष 2022 के एकलव्य पुरस्कार के लिए भोपाल के आस्था दांगी (क्वाकिंग-केनोइंग), अमन सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग), प्रज्ञा सिंह (फेंसिंग), आशी चौकसे (शूटिंग) और सौम्या तिवारी (क्रिकेट), राजगढ़ की रितिका दांगी (सेलिंग), देवास के अभिषेक परिहार (सॉफ्ट-टेनिस), इंदौर की पलक शर्मा (तैराकी), ग्वालियर की खुशबू (हॉकी), उज्जैन के दीपेश लश्करी (जिम्नास्टिक) और इन्द्रजीत नागर को (मलखंब) चयनित किया गया है।

विक्रम पुरस्कार

वर्ष 2022 के विक्रम पुरस्कारों के लिए भोपाल के राजू सिंह (घुड़सवारी), देवास के आदित्य दुबे (सॉफ्ट-टेनिस), सीहोर की नीतू वर्मा (क्वाकिंग-केनोइंग), अशोकनगर की भूरक्षा दुबे (वुशु), रायसेन की प्रगति दुबे (शूटिंग), इंदौर के सुबोध चौरसिया (सॉफ्टबाल) एवं आवेश खान को (क्रिकेट), ग्वालियर के नीरज राणा (हॉकी) तथा धनंजय दुबे (टेनिस) (दिव्यांग वर्ग में) तथा उज्जैन के राजवीर सिंह पंवार के नामों की घोषणा हुई है।

विश्वामित्र पुरस्कार

किसी भी खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सही प्रशिक्षण महत्वपूर्ण होता है। वर्ष 2022 में विश्वामित्र पुरस्कार के लिए भोपाल की बैडमिंटन प्रशिक्षक श्रीमती रश्मि मालवीय का चयन किया गया है।

वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार की श्रेणी में इंदौर के श्री अनिल धूपर का चयन किया गया है।

ज्वेरेव ने जीता हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन खिताब

हैम्बर्ग, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। ज्वेरेव ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता है। टूर्नामेंट के फाइनल में ज्वेरेव ने सर्बिया के लोस्लो जेरे को सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से हराया। मैच का पहला सेट रोमांचक रहा। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया एक समय दोनों खिलाड़ी बराबरी पर थे, लेकिन ज्वेरेव ने अंत में लगातार अंक बटोर कर पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में ज्वेरेव के सामने जेरे टिक नहीं पाये और ज्वेरेव ने 6-3 से जीत दर्ज की।

वर्स्टापेन ने जीती बेल्जियम ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस

ब्रुसेल्स, नीदरलैंड्स के कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने बेल्जियम ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस अपने नाम की है। वर्स्टापेन ने 44 लैप की इस रेस को एक घंटा 22 मिनट 30.450 सेकेंड में पूरा किया। रेस में चार्ल्स लेकलर्क ने पोल पोजिशन हासिल की, इसके बावजूद वर्स्टापेन ने रेस में बढ़त बना ली और अंत तक आगे रहे। रेस में वर्स्टापेन के टीम साथी सर्जियो पेरेज दूसरे, चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे और फर्नांडो अलोंसो पांचवें स्थान पर रहे। वर्स्टापेन इस सत्र में 12 में से 10 रेस जीत चुके हैं।

इंग्लैंड ने ओवल टेस्ट जीतकर एशेज सीरीज की बराबर

लंदन, गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने लंदन के ओवल मैदान पर खेला गया एशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट मैच जीत लिया है। इंग्लैंड ने ओवल टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 49 रन से हराया। इंग्लैंड की इस जीत से एशेज सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई।

इंग्लैंड ने सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 283 रन बनाये। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक ने 85 रन बनाये। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) की पारी के बदौलत पहली पारी में 295 रन बनाये और 12 रनों की बढ़त ली। दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया और 395 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 384 रनों का लक्ष्य दिया। इसके लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही। सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 140 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लड़खड़ा गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में 334 रन ही बना सकी।

स्टुअर्ट ब्रॉड का क्रिकेट से संन्यास

इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। ब्रॉड ने एशेज सीरीज के पांचवें मैच के दौरान संन्यास का ऐलान किया। 37 वर्षीय ब्रॉड ने वर्ष 2006 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए हैं। इसके अलावा ब्रॉड ने 121 वन-डे मैचों में 178 और 56 ट्वेंटी-20 मैचों में 65 विकेट भी लिए हैं।

जापान ओपन

विक्टर एक्सेलसन पुरुष एकल के बने चैम्पियन

टोक्यो, डेनमार्क के अनुभवी खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन जापान ओपन के चैम्पियन बन गए हैं। टूर्नामेंट में एक्सेलसन ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया। एक्सेलसन ने यह मुकाबला 21-7, 21-18 से हराया।

फाइनल मुकाबले में एक्सेलसन शुरुआत से क्रिस्टी पर भारी पड़े। मैच के पहले गेम में एक्सेलसन ने क्रिस्टी को पूरी तरह क्लीन स्वीप किया और आसानी से 21-7 से हराया। दूसरे गेम में जोनाथन क्रिस्टी ने शुरुआत में अंक हासिल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन एक्सेलसन ने एक बार फिर शानदार खेल दिखाया और क्रिस्टी को रोक दिया। अंत में बेहद रोमांचक इस गेम को एक्सेलसन ने 21-18 से जीत लिया और खिताब पर कब्जा जमाया।

- एक्सेलसन दूसरी बार जापान ओपन के चैम्पियन बने हैं।
- एक्सेलसन ने इससे पहले वर्ष 2017 में भी यह खिताब जीता है।
- इस वर्ष एक्सेलसन का यह तीसरा खिताब है, इससे पहले मलेशिया ओपन और इंडोनेशिया ओपन भी जीता है।

महिला वर्ग में यंग बनीं चैम्पियन

टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने चीन की ही बिंगजियाओ को हराकर जीता। यंग ने यह मुकाबला एकतरफा अंदाज में 21-15, 21-11 से जीता। मैच के पहले गेम में बिंगजियाओ ने आन से यंग को कड़ी टक्कर दी, इसके बावजूद यंग यह गेम 21-15 से जीतने में सफल रहीं। दूसरे गेम में यंग ने बिंगजियाओ को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-11 से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब चीनी ताइपे के ली यांग और वांग ची लिन की जोड़ी ने जीता, वहीं दक्षिण कोरिया की किम सो येओंग और कॉंग ही यंग की जोड़ी महिला युगल वर्ग की चैम्पियन बनी।

भारत की विदेशी धरती पर

वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत

त्रिनिदाद, भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को भारत ने 2-1 से अपने नाम किया है। सीरीज के तीसरे और अंतिम मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को 200 रनों से हराया। ये विदेशी धरती पर भारत की वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले सीरीज में पहला मैच भारत ने 5 विकेट से और दूसरा मैच वेस्टइंडीज ने 6 विकेट से जीता था।

तीसरे मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और शुभमन गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 19.4 ओवरों में 143 रनों की साझेदारी की। ईशान ने 77 रन बनाये जबकि शुभमन ने 85 रनों की पारी खेली। इनके बाद संजू सैमसन (51) ने भी तेजी से रन बनाते हुए अर्धशतक बनाया। पारी के अंत में हार्दिक पंड्या ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 52 गेंदों में 70 रन बनाकर भारतीय पारी को 351 रन तक पहुंचाया।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत खराब रही। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 17 रन के स्कोर पर वेस्टइंडीज के 3 बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते वेस्टइंडीज के 8 विकेट 88 रन पर गिर गये थे। इसके बाद अल्जारी जोसफ (26) और गुडाकेश मोती (39) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वे वेस्टइंडीज को बड़ी हार से बचा नहीं सके। वेस्टइंडीज की पारी 35.3 ओवरों में 151 रन पर सिमट गई। भारत के लिए शार्दुल ने 4, मुकेश ने 3, कुलदीप ने 2 और उनादकट ने एक विकेट लिया।

- ईशान किशन ने सीरीज के तीनों मैचों में बनाए अर्धशतक।
- विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से भारतीय टीम ने इस सीरीज में अपनी बेंचस्ट्रेंथ को आजमाया।

एशियाई खेलों में खेलेंगी भारतीय फुटबॉल टीमें

नई दिल्ली, इस वर्ष चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में भारत की पुरुष और महिला टीमें हिस्सा लेंगी। खेल मंत्रालय ने मौजूदा चयन मानदंडों में ढील देने का फैसला लिया, जिसके बाद भारत की पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों का एशियाई खेलों में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है।

इससे पहले भारतीय ओलिंपिक संघ ने खेल मंत्रालय के मौजूदा चयन मानदंडों के आधार पर भारतीय फुटबॉल टीमों को एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी क्योंकि दोनों फुटबॉल टीमें एशिया की शीर्ष टीमों में शामिल नहीं हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अपील के बाद खेल मंत्रालय से मानदंडों में ढील देने की स्वीकृति दे दी थी।

केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि हमारी फुटबॉल टीमें अगामी एशियाई खेलों में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय ने इन दोनों टीमों के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए नियमों में ढील

देने का फैसला किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये दोनों टीमें एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करेंगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम इस समय जबरदस्त लय में है। सुनील छेत्री की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल ही में सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप और इंटरकॉन्टिनल कप का खिताब जीता है। एशियाई खेलों में वर्ष 2002 से विभिन्न देशों की अंडर-23 टीमें ही हिस्सा लेती हैं। हालांकि टीम में 23 वर्ष से अधिक उम्र के तीन खिलाड़ी शामिल किए जा सकते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

ग्रीस पहुंचा

भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई

भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने हाल में ही ग्रीस का दौरा किया है। भारतीय युद्धपोत की ग्रीस यात्रा भूमध्य सागर में तैनाती के दौरान हुई है। ग्रीस पहुंचने के बाद दोनों देशों के नौसैनिकों ने एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किए। इस पोत के जरिये भारत ने ग्रीस के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत किया है।

- **भारतीय नौसेना के युद्धपोत का ग्रीस ने किया जोरदार स्वागत।**

भारतीय नौसेना ने एक बयान में बताया कि भूमध्य सागर में तैनाती के हिस्से के रूप में आईएनएस चेन्नई ने 27 से 29 जुलाई 2023 तक ग्रीस की सौदा खाड़ी का दौरा किया। इस दौरान आईएनएस चेन्नई के कमांडिंग ऑफिसर ने हेलेनिक नेवी के बेस कमांडर से मुलाकात की और सौदा खाड़ी युद्ध कब्रिस्तान पर पुष्पांजलि अर्पित की। सौदा की खाड़ी में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने जबरदस्त हवाई हमला किया था। इस दौरान हुए युद्ध में राष्ट्रमंडल देशों के हजारों सैनिकों की मौत हुई थी। इस कब्रिस्तान में द्वितीय विश्व युद्ध के 1,500 राष्ट्रमंडल सैनिकों को दफनाया गया है।

महाराष्ट्र के पुणे में 15 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

आधुनिक भारत के शहरों के लिए एक नई जीवन रेखा बन रही है मेट्रो - प्रधानमंत्री

- **पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम (पीसीएमसी) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 1280 से अधिक घर और पुणे नगर निगम द्वारा निर्मित 2650 से अधिक पीएमएवाई के तहत तैयार किए गए घर भी लाभार्थियों को सौंपे गए।**
- **पीसीएमसी द्वारा निर्मित किए जाने वाले लगभग 1190 पीएमएवाई घरों और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किए जाने वाले 6400 से अधिक घरों की आधारशिला रखी गई।**
- **लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र का भी किया गया उद्घाटन।**

पुणे मेट्रो परियोजना की आधारशिला भी 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। नए खंड पुणे शहर के महत्वपूर्ण स्थानों जैसे शिवाजी नगर, सिविल कोर्ट, पुणे नगर निगम कार्यालय, पुणे आरटीओ और पुणे रेलवे स्टेशन को जोड़ देंगे। सिविल कोर्ट मेट्रो स्टेशन देश के सबसे गहरे मेट्रो स्टेशनों में से एक है, जिसकी सबसे अधिक गहराई 33.1 मीटर है। स्टेशन की छत इस तरह बनाई गई है कि प्लेटफॉर्म पर सीधी धूप पड़े।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पुणे मेट्रो के पूर्ण हो चुके खंडों के उद्घाटन के अवसर पर मेट्रो ट्रेनों को झंडी दिखाई। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'पुणे एक जीवंत शहर है जो देश की अर्थव्यवस्था को गति देता है और पूरे देश के युवाओं के सपनों को पूरा करता है। आज लगभग 15 हजार करोड़ की परियोजनाएं इस पहचान को और मजबूत करेंगी।' प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश में मेट्रो नेटवर्क 800 किलोमीटर से ज्यादा हो गया है और 1000 किलोमीटर की नई मेट्रो लाइनों पर काम चल रहा है। आज मेट्रो पुणे, नागपुर और मुंबई सहित 20 शहरों में काम कर रही है, जहां नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पुणे जैसे शहर में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मेट्रो विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मेट्रो आधुनिक भारत के शहरों के लिए एक नई जीवन रेखा बन रही है। देश को आगे ले जाने के लिए नीति, नीयत और नियम महत्वपूर्ण हैं। यह विकास के लिए एक निर्णायक शर्त है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब हो या मध्यमवर्गीय परिवार, हर सपने को पूरा करना सरकार की गारंटी है। एक सपने के साकार होने से कई संकल्पों की शुरुआत होती है और यह उस व्यक्ति के जीवन में प्रेरक शक्ति बन जाती है। उन्होंने कहा कि हमें आपके बच्चों, आपकी वर्तमान और आपकी आने वाली पीढ़ियों की परवाह है।

लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से प्रधानमंत्री को किया गया सम्मानित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र के पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने नकद पुरस्कार की धनराशि नमामि गंगे परियोजना को दान में दी। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने लोकमान्य तिलक को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह उनके लिए एक विशेष दिन है। लोकमान्य तिलक जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के 'तिलक' हैं। उल्लेखनीय है कि लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा 1983 में इस पुरस्कार की स्थापना की गयी थी। यह उन लोगों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए काम किया है तथा जिनके योगदान को उल्लेखनीय और असाधारण कहा जा सकता है। यह सम्मान हर साल लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि, 1 अगस्त को प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री इस पुरस्कार के 41वें प्राप्तकर्ता बने हैं। इससे पहले डॉ. शंकर दयाल शर्मा, श्री प्रणब मुखर्जी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्रीमती इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, श्री एन.आर. नारायण मूर्ति और डॉ. ई. श्रीधरन जैसे प्रमुख व्यक्तियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

रूसी नौसेना में

तीस नये युद्धपोतों को शामिल करने का ऐलान

यूक्रेन में चल रहे भीषण युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी नौसेना की जमकर तारीफ की है। पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में रूसी नौसेना के महाविनाशक युद्धपोतों और परमाणु हथियारों से लैस सबमरीन का दुनिया के सामने प्रदर्शन किया। साथ ही ऐलान किया कि इस साल 30 नए युद्धपोतों को शामिल किया जाएगा। रूसी युद्धपोतों की इस वार्षिक परेड के दौरान अफ्रीकी देशों के नेता भी मौजूद थे। रूस ने यह परेड फिनलैंड की खाड़ी और सेंट पीटर्सबर्ग में नेवा नदी पर आयोजित की थी। इसके अलावा रूसी जमीन पर 3000 नौसैनिकों ने परेड में हिस्सा लिया। पुतिन के साथ इस परेड में रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू और नेवी चीफ एडमिरल निकोलाई येवमेनोव ने भी हिस्सा लिया। पुतिन ने अपने भाषण से पहले कई



युद्धपोतों का निरीक्षण भी किया। पुतिन ने कहा कि आज रूस पूरे आत्मविश्वास के साथ हमारी राष्ट्रीय समुद्री नीति की चुनौती का क्रियान्वयन कर रहा है।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस सतत तरीके से नौसेना की क्षमता को बढ़ा रहा है। इस साल अकेले 30 नए युद्धपोतों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने अपने भाषण में यूक्रेन में चल रहे 'विशेष सैन्य अभियान' का कोई जिक्र नहीं किया। इस परेड के दौरान अफ्रीकी देशों के 4 राष्ट्राध्यक्ष शामिल थे।

चीन के प्रोजेक्ट

बीआरआई से हट सकता है इटली

चीन के बेल्ट एण्ड रोड प्रोजेक्ट (BRI) से जितनी तेजी से एशिया से लेकर यूरोप तक कई देश जुड़े थे, उतनी ही जल्दी ये पेरेशान हो गए हैं और किसी तरह निकलने की तैयारी में हैं। इटली के रक्षा मंत्री गोडदो क्रोसेटो ने एक इंटरव्यू में कहा है कि चीन के इस फैसले में शामिल होना तबाह करने वाला फैसला था। उन्होंने कहा कि यह फैसला जल्दबाजी में ले लिया गया था। इटली के डिफेंस मिनिस्टर ने ऐसा कहने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि इस फैसले से चीन को तो फायदा मिला और उनका निर्यात हमारे कारण काफी बढ़ गया, लेकिन हमें एक्सपोर्ट का फायदा नहीं मिल सका। इटली के नेता के 'कोरियरे डेला सेरा' न्यूजपेपर को दिए इंटरव्यू में कहा, 'नए सिल्क रोड में शामिल होने का फैसला



- **ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों की चीन ने पहले ही हालत खस्ता कर दी है। श्रीलंका और मालदीव तो इससे बुरी तरह कर्ज में डूब गए हैं।**
- **इटली ने भी बेल्ट एण्ड रोड परियोजना से जुड़ने को अपनी गलती माना है और दिसंबर तक एग्जिट की बात कही है।**

जल्दबाजी में लिया गया और तबाह करने वाला कदम था। इसकी वजह से चीन का निर्यात इटली में कई गुना बढ़ा, लेकिन चीन में इटली के निर्यात पर इससे उतना असर नहीं पड़ा।' उनका यह बयान चीन के उलट है। पिछले दिनों चीन ने कहा था कि बीआरआई से दोनों देशों को लाभ हो रहा है। इस बीच इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि उनकी सरकार के पास बीआरआई मुद्दे पर फैसला लेने के लिए दिसंबर तक का समय है। वह जल्दी ही चीन के दौरे पर भी जाने वाली हैं। मेलोनी ने भी एक इंटरव्यू में कहा था कि यह एक 'विरोधाभास' है कि भले ही इटली बीआरआई का हिस्सा है, लेकिन इटली जी-7 समूह का ऐसा देश नहीं जिसके चीन के साथ सबसे मजबूत व्यापारिक संबंध हों।

इसरो

चांद के लिये रवाना हुआ चंद्रयान-3, चांद की सतह पर करेगा लैंड

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च हुआ चंद्रयान-3 अब अपने अगले अहम पड़ाव यानी चंद्रमा की ओर बढ़ चुका है। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) ने यह जानकारी दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कुछ दिनों की यात्रा के बाद अंतरिक्ष यान चांद की सतह पर लैंड करेगा। यान को 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। चंद्रयान-3 ने 1 अगस्त को ही पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा पूरी कर ली है। इसके बाद अब अंतरिक्ष यान चांद तक की 3.8 लाख किलोमीटर की यात्रा पर निकल चुका है। इसरो ने उस समय एक बड़ी उपलब्धि हासिल की जब उसने चंद्रयान-3 को ट्रांसलूनर कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि लूनर इंजेक्शन 31 जुलाई रात 12 बजे

- **इसरो ने ट्वीट किया, 'इस्ट्रैक में एक सफल पेरिगी-फायरिंग की गई, इसरो ने अंतरिक्ष यान को ट्रांसलूनर कक्षा में स्थापित कर दिया है।' इसरो ने चंद्रमा की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, 'अगला पड़ाव-चंद्रमा।' उन्होंने कहा कि यान 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंड करेगा।**

से लेकर 12.30 के बीच किया गया। इसरो के अधिकारियों ने बताया है कि चंद्रयान-3 मिशन अपने तय कार्यक्रम के हिसाब से काम कर रहा है और इसकी स्थिति एकदम ठीक है। 14 जुलाई को चंद्रयान-3 को लॉन्च व्हीकल मार्क-3 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया था। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि करीब 40 दिनों के बाद चंद्रयान-3 चांद के साउथ पोल के पास सॉफ्ट लैंडिंग करेगा।

खास बात है कि इसके साथ ही देश के नाम दो और उपलब्धियां जुड़ जाएंगी। दरअसल, चांद की सतह पर उतरने वाला भारत चौथा देश होगा।

जलवायु संकट

लगातार पिघल रही है अंटार्कटिका की बर्फ

साल 2023 में लगातार गर्मी देखने को मिल रही है। उत्तरी गोलार्ध में भीषण गर्मी की लहर देखी जा रही है तो दक्षिण में एक और भयानक जलवायु परिवर्तन रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इस साल अंटार्कटिका समुद्री बर्फ का स्तर अभूतपूर्व स्तर तक गिर गया है। हर साल गर्मियों के दौरान फरवरी के अंतिम दिनों से बर्फ सिकुड़ने लगती है। सर्दियों में बर्फ फिर से जम जाती है। लेकिन इस साल वैज्ञानिकों ने कुछ बेहद खास देखा है। समुद्री बर्फ जितनी पिघली थी, ठंड में उतनी नहीं बढ़ी।

जुलाई के मध्य में अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ 1981 से 2010 के औसत से 26 लाख वर्ग किलोमीटर कम थी।

यह बर्फ लगभग उत्तरी अमेरिकी देश अर्जेंटीना के क्षेत्रफल के बराबर है। इस घटना को कुछ वैज्ञानिकों ने असाधारण बताया है। यह लाखों वर्षों में एक बार होने वाली घटना मानी जा रही है। लेकिन कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय के ग्लेशियोलॉजिस्ट टेड स्कैम्बोस का कहना है कि इसे आम शब्दों में नहीं समझाया जा सकता।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।